



दैनिक सीहोर जिले का प्रथम दैनिक K ✌ K


RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा | वर्ष-22 अंक-54 | सीहोर, शनिवार 12 अप्रैल 2025 | पृष्ठ-8 | मूल्य -1 रूपये | सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


## तमिलनाडु में बीजेपी और एआईएडीएमके फिर साथ



### शाह का एलान - 2026 में पलानीस्वामी के नेतृत्व में लड़ा जाएगा चुनाव

चेन्नई,(ए)। तमिलनाडु की राजनीति में एक बड़ा सियासी मोड़ आया है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को चेन्नई में एलान किया कि भारतीय जनता पार्टी और एआईएडीएमके एक बार फिर गठबंधन में साथ आए हैं। उन्होंने घोषणा की कि 2026 का विधानसभा चुनाव एआईएडीएमके प्रमुख ई. पलानीस्वामी के नेतृत्व में लड़ा जाएगा।

यहां केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने कहा, कि एआईएडीएमके का एनडीए में शामिल होना दोनों दलों के लिए फायदेमंद है। सीटों का बंटवारा बाद में आपसी सहमति से किया जाएगा। जरूरत पड़ी तो कॉमन मिनिमम प्रोग्राम (सीएमपी) भी तैयार किया जाएगा। वहीं आगे शाह ने डीएमके सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि आगामी चुनाव भ्रष्टाचार, दलितों और महिलाओं पर अत्याचार जैसे मुद्दों पर लड़ा जाएगा। उन्होंने दावा किया कि लोग डीएमके से जवाब चाहते हैं, और एआईएडीएमके-बीजेपी गठबंधन ही विकल्प है।गौरतलब है कि सितंबर 2023 में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई की कुछ विवादास्पद टिप्पणियों के बाद एआईएडीएमके ने एनडीए से दूरी बना ली थी। लेकिन अब दोनों पार्टियों ने फिर से हाथ मिला लिया है, जिसे आगामी चुनावों के मद्देनज़र एक रणनीतिक कदम माना जा रहा है।केंद्रीय मंत्री शाह के दौरे के साथ ही भाजपा के तमिलनाडु संगठन में बदलाव के संकेत भी मिल रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, तिरुनेलवेली से विधायक नयनार नागेन्द्रन को भाजपा का अगला प्रदेश अध्यक्ष बनाया जा सकता है। शाह ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि उनका नाम अन्नामलाई ने ही प्रस्तावित किया है।2021 में हुए विधानसभा चुनाव में डीएमके गठबंधन को 159 सीटें मिली थीं, जबकि एनडीए को केवल 75 सीटों पर ही सफलता मिल पाई थी। एआईएडीएमके को 66 और भाजपा को मात्र 4 सीटें मिली थीं। वहीं, 2024 के लोकसभा चुनाव में एनडीए एक भी सीट नहीं जीत पाया।

## अब तहव्वुर राणा बताएगा, कौन है 26/11 हमलों का मास्टरमाइंड : अजित पवार

पुणे(आरएनएस)। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के प्रमुख अजित पवार ने 26/11 मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा को भारत लाए जाने पर कहा कि उस हमले के पीछे का मास्टरमाइंड कौन है? अजित पवार ने शुक्रवार को पुणे में मीडिया से बात करते हुए कहा, जब 26/11 हमला हुआ था, तब हम भी मुंबई में थे। उस दौरान हमने घटनास्थल का भी जायजा लिया था। हमने यह पता लगाने की कोशिश की थी कि घटना के पीछे का असली मास्टरमाइंड कौन था। अब हमने तहव्वुर राणा को पकड़ लिया है और वह बताएगा कि घटना के पीछे का असली कारण क्या था और इसके पीछे का मास्टरमाइंड कौन है, जिसने उसे इस तरह की घटना को अंजाम देने का निर्देश दिया था।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अशोक नगर के आनंदपुर धाम हेलीपेड पर अंगवस्त्रम ओडाकर स्वागत किया।

## सेना के हाथ लगी बड़ी सफलता, किश्तवाड़ में मारा गया जैश का कमांडर सैफुल्लाह, 2 और भी ढेर

किश्तवाड़(आरएनएस)। जम्मू कश्मीर से एक बार फिर आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ की खबर आई है. इस मुठभेड़ में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली है. प्राप्त जानकारी के अनुसार सेना के जवानों ने किश्तवाड़ में 3 आतंकी मार गिराया है. इसमें जैश का कमांडर सैफुल्लाह अपने दो साथियों के साथ मारा गया है. पुलिस ने चार आतंकियों पर इनाम रखा था. पिछले डेढ़ महीने से चार आतंकियों को किश्तवाड़ और आसपास के इलाकों में देखा गया था जिसके बाद पुलिस ने इन पर इनाम राशि रखी थी.इस बीच जम्मू क्षेत्र में एक और मुठभेड़ शुरू होने की खबर आई है. अखनूर के केरी बट्टल इलाके में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच गोलीबारी जारी है. सुरक्षा एजेंसियों के हवाले से खबर है कि अखनूर में हुई घटना में एक छ्ष्टह्व और एक अन्य कर्मी बुरी तरह घायल हुए हैं. फिलहाल अधिक जानकारी की प्रतीक्षा हैज् दोनों ओर से जमकर गोलियां चलीं. इसी गोलीबाड़ी में 3 आतंकवादी मारे गए. बता दें कि सेना की ओर से 9 अप्रैल से किश्तवाड़ के छत्रू जंगल में सर्च अभियान चलाया जा रहा है. सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच गुरुवार को भी मुठभेड़ हुई थी. इसके बाद सुरक्षा बलों ने पूरे इलाकों को चारों ओर से घेर लिया है.।

## मैं काशी का हूं और काशी मेरी है, पूरे पूर्वांचल के युवाओं को यहां के विकास का लाभ मिलता है : पीएम मोदी

वाराणसी (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे। काशीवासियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने 3,900 करोड़ रुपए की 44 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। उन्होंने मेहंदीगंज में आयोजित विशाल जनसभा में भोजपुरी में भी काशीवासियों से संवाद किया। अपने संबोधन में उन्होंने बार-बार काशी के प्रति अपने गहरे लगाव को दोहराया। उन्होंने कहा, काशी मेरी है और मैं काशी का हूं।

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में काशी के बदलते स्वरूप पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में काशी ने विकास की नई गति पकड़ी है। काशी अब केवल पुरातन नहीं, बल्कि प्रगतिशील भी है। इसने आधुनिकता को अपनाया है, विरासत को संजोया है और भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए मजबूत कदम उठाए



हैं। उन्होंने काशी को पूर्वांचल के आर्थिक नक्शे का केंद्र बताया और कहा, जौने काशी के स्वयं महादेव चलावेलन, आज उहे काशी पूर्वांचल के विकास के रथ के खींचत हौ।उन्होंने काशी की सांस्कृतिक धरोहर और आधुनिक बुनियादी ढांचे के सामंजस्य को भारत के विकास का एक अनूठा मॉडल करार दिया।उन्होंने काशी और पूर्वांचल के लिए 3,900 करोड़ रुपए की 44 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इनमें कनेक्टिविटी को मजबूत करने वाले इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स, गांव-गांव तक नल से जल पहुंचाने की योजनाएं, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार एवं खेल के क्षेत्र में नई पहल शामिल हैं।उन्होंने कहा कि ये परियोजनाएं पूर्वांचल को विकसित बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगी। काशी के हर निवासी को इन योजनाओं से लाभ मिलेगा। इन परियोजनाओं में लाल बहादुर शास्त्री एयरपोर्ट के विस्तार, भिखारीपुर और मंडुआडीह में फ्लाईओवर और बनारस-सारनाथ को जोड़ने वाले नए पुल जैसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स शामिल हैं।प्रधानमंत्री मोदी ने आयुष्मान वय वंदना कार्ड का भी वितरण किया। इस योजना के तहत 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि आज बुजुर्गों के चेहरों पर संतोष का भाव मेरे लिए इस योजना की सबसे बड़ी सफलता है।

## बकिंघम विश्वविद्यालय से अच्युत सामंत को 65वीं मानद डॉक्टरेट की उपाधि

भुवनेश्वर, (आरएनएस)। जाने-माने सामाजिक कार्यकर्ता, महान् शिक्षाविद्,कीट और कीस के संस्थापक प्रोफेसर डॉ. अच्युत सामंत को 10 अप्रैल, 2025 (गुरुवार) को बकिंघम यूनिवर्सिटी, यूनाइटेड किंगडम द्वारा विश्वविद्यालय के अपने स्नातक समारोह के दौरान मानद डॉक्टरेट (डॉक्टर ऑफ साइंस की डिग्री, ऑनोरिस कॉसा) प्रदान की गई। यह अच्युत सामंत की 65वीं मानद डॉक्टरेट की डिग्री है जिससे वे सम्मानित हुए।यह सम्मान शिक्षा और सामाजिक सेवा के माध्यम से समाज में प्रोफेसर डॉ. सामंत के उल्लेखनीय योगदान को स्पष्ट करता है। प्रोफेसर डॉ. अच्युत सामंत ने इस सम्मान के लिए यूनिवर्सिटी के शीर्ष अधिकारियों के प्रति अपना आभार व्यक्त करते हुए कहा, पिछले 33 साल से मैं समाज की बेहतरी के लिए अथक प्रयास कर रहा हूं। यह मानद डॉक्टरेट की डिग्री मेरे लिए एक यादगार मील का पत्थर रहेगी। गौरतलब है कि महान् शिक्षाविद् प्रोफेसर डॉ. अच्युत सामंत को अब तक दुनिया भर के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों और संस्थानों द्वारा इस मानद डॉक्टरेट समेत 65 मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया जा चुका है, जिसमें शिक्षा और समाज सेवा में उनके उत्कृष्ट योगदान को मान्यता दी गई है।

## मध्य प्रदेश में कई वेदर सिस्टम सक्रिय, इन सात संभागों के शहरों में बारिश की संभावना



भोपाल (आरएनएस)। अलग-अलग स्थानों पर छह मौसम प्रणालियां सक्रिय हैं। इनके प्रभाव से मध्य प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों में गरज-चमक के साथ वर्षा हो रही है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक शनिवार को भोपाल, नर्मदापुरम, जबलपुर, सागर, ग्वालियर, चंबल, शहडोल संभाग के जिलों में वर्षा होने की संभावना है। इस और 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं भी चल सकती हैं। इसी क्रम में शुक्रवार सुबह साढ़े आठ बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक ग्वालियर में 0.8 मिलीमीटर वर्षा हुई। सबसे अधिक 42.5 डिग्री सेल्सियस तापमान खंडवा में दर्ज किया गया।मौसम विज्ञान केंद्र के विज्ञानी पीके रायकवार ने बताया कि पिछले 24 घंटों के दौरान शुक्रवार सुबह साढ़े आठ बजे तक रहली में 16.3, मवई में 6.8, पुष्पराजगढ़ में 4.2, जयतपुर में 4.0, बिजुरी में 3.8, जयसिंहनगर में 2.0, वारासिवनी में 1.3, वेकटनगर, नौगांव, अमानगंज,देवरी, सागर में एक मिलीमीटर वर्षा हुई। मुरैना और सागर में ओले गिरे। इस दौरान सागर में सर्वाधिक 65 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं भी चलीं। खंडवा में गर्म रात्रि रही। शनिवार को प्रदेश के कई शहरों में वर्षा होने की संभावना है।

## देश का पहला अल्ट्रा-एज टेक्नोलॉजी आधारित गैलियम नाइट्राइड सेमीकंडक्टर संयंत्र छत्तीसगढ़ में

नई दिल्ली, (आरएनएस)। इलेक्ट्रिक वाहनों को तेजी से चार्ज करने और 5जी नेटवर्क के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला गैलियम नाइट्राइड सेमीकंडक्टर का निर्माण अब छत्तीसगढ़ में होगा। छत्तीसगढ़ ने आज तकनीकी विकास की दिशा में एक नया इतिहास रचा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नवा रायपुर में देश के पहले अल्ट्रा एज (ultra egde) टेक्नोलॉजी आधारित गैलियम नाइट्राइड (GaN) आधारित सेमीकंडक्टर निर्माण संयंत्र की आधारशिला रखी। यह परियोजना न केवल राज्य के लिए एक बड़ी उपलब्धि है, बल्कि भारत को सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक निर्णायक कदम भी है। इस मौके पर पॉलीमेटेक इलेक्ट्रॉनिक्स के मैनेजिंग डायरेक्टर ईश्वरा राव नंदम ने छत्तीसगढ़ में 10 हजार करोड़ के अतिरिक्त निवेश की घोषणा भी की। उन्होंने बताया कि अप्रैल- मई 2026 से प्लांट से उत्पादन भी शुरू हो जाएगा। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस अवसर पर कहा कि यह हमारे प्रदेश के लिए गर्व और प्रगति का ऐतिहासिक क्षण है। सेमीकंडक्टर प्लांट की स्थापना केवल एक उद्योगिक निवेश नहीं, बल्कि तकनीकी आत्मनिर्भरता की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है।

## आगरा की शाही जामा मस्जिद में जानवर का कटा सिर फेंका, इलाके में तनाव; बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात



आगरा(आरएनएस)। आगरा की ऐतिहासिक शाही जामा मस्जिद परिसर में शुक्रवार सुबह उस समय स्थिति तनावपूर्ण हो गई, जब वहां एक जानवर का कटा हुआ सिर फेंका मिला। इस घटना से मुस्लिम समुदाय के लोगों में भारी गुस्सा है। फज्र की नमाज के लिए मस्जिद पहुंचे लोगों ने जब यह देखा, तो तत्काल पुलिस को सूचना दी।सूचना मिलते ही डीसीपी सिटी सोनम कुमार के नेतृत्व में भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। इलाके में तनाव को देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है।पुलिस ने तुरंत मामले की जांच शुरू कर दी है। मस्जिद परिसर और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। मस्जिद के एक सीसीटीवी कैमरे में एक युवक जानवर का सिर ले जाते हुए दिखाई दिया है।

### मदरसे में नाबालिग छात्रा से बार-बार दुष्कर्म, कोर्ट ने मौलवी को सुनाई 187 साल की सजा

कन्नूर (आरएनएस)। केरल की कन्नूर स्थित एक विशेष पॉक्सो अदालत ने मदरसे में तालीम देने वाले एक मौलवी को नाबालिग छात्रा के साथ बार-बार यौन शोषण और दुष्कर्म करने के गंभीर अपराध में कुल 187 साल की कठोर कारावास की सजा सुनाई है। 41 वर्षीय दोषी मौलवी मोहम्मद रफी पर 13 साल की बच्ची का यौन उत्पीड़न करने का आरोप सिद्ध हुआ है। मौलवी इस मामले में पहले से ही जेल में बंद था।जानकारी के अनुसार, पीड़िता (13 वर्षीय) आरोपी मौलवी के मदरसे में पढ़ने जाती थी। कुछ समय बाद बच्ची के व्यवहार में बदलाव और शारीरिक स्थिति में परिवर्तन देखकर माता-पिता चिंतित हो गए। बच्ची का पढ़ाई में भी मन नहीं लग रहा था।




## सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य के मंचन से शुरु हुई डॉ. यादव की शीर्ष तक की यात्रा

भोपाल (ए.)। उज्जैन की पवित्र धरती पर 2000 के दशक की शुरुआत की एक अनोखी सांस्कृतिक पहल की शुरूआत सम्राट विक्रमादित्य महामंचन के रूप में हुई। यह महानाट्य मंचन केवल एक ऐतिहासिक पात्र का स्मरण नहीं था, बल्कि एक ऐसे युग की पुनर्प्रतिष्ठा थी जिसे भारतीय संस्कृति, न्याय, और नीति का प्रतीक माना जाता है। इस मंचन की सबसे रोचक बात यह रही कि इसमें स्वयं डॉ. मोहन यादव ने सम्राट महेन्द्रादित्य (विक्रमादित्य के पिता) के जीवंत किया था।

महानाट्य के मंचन के समय किसी ने सोचा भी नहीं था कि रंगमंच पर उतरने वाला यह युवक भविष्य में वास्तविक रूप में मध्यप्रदेश के विक्रमादित्य की तरह एक नेतृत्वकर्ता, एक सांस्कृतिक अभिभावक और जनमानस का प्रतिनिधि के रूप में प्रतिष्ठित होगा। डॉ. यादव का यह सांस्कृतिक और साहित्यिक प्रेम ही उन्हें सत्ता के शीर्ष तक ले आया। सत्ता में आने के बाद भी उनका यह रुझान केवल मंचन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उन्होंने महानाट्य के मंचन को सामाजिक चेतना और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का माध्यम बनाया।

### प्राधिकरण से प्रारंभ हुई विक्रमदर्शिता



मुख्यमंत्री डॉ. यादव जब उज्जैन विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष बने, उन्होंने विकास को केवल अधोसंरचनात्मक निर्माण तक सीमित नहीं रखा। उन्होंने सम्राट विक्रमादित्य की दृष्टि से उज्जैन शहर को एक ऐसे नगर के रूप में देखा जो इतिहास, आस्था और आधुनिकता का संगम बने। उनकी पहल पर शहर में चार दिशाओं में भव्य प्रवेश द्वार निर्मित किए गए, जो चार युगों के प्रतीक हैं। यह कार्य न केवल स्थापत्य की दृष्टि से अभिनव था, बल्कि सांस्कृतिक चेतना को जागृत करने वाला भी था। उज्जैन को देश का पहला ऐसा शहर बनने का गौरव प्राप्त हुआ, जिसमें दिशा-प्रेरित प्रवेश द्वारों से संस्कृति का स्वागत हुआ।

### विक्रम विश्वविद्यालय को नई पहचान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव का अगला महत्वपूर्ण कार्य सम्राट विक्रमादित्य के नाम से स्थापित विक्रम विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना रहा। उन्होंने विश्वविद्यालय में न केवल शोध और शैक्षणिक गुणवत्ता को बढ़ावा देने की योजना बनाई गई, बल्कि सम्राट विक्रमादित्य के साहित्य, न्याय दर्शन, और सांस्कृतिक मूल्यों को नयी पीढ़ी तक पहुंचाने की दिशा में भी विशेष प्रयास प्रारंभ किए गए।

### लाल किले से देशव्यापी मंचन की ओर

अब जब डॉ. यादव सत्ता और संस्कृति दोनों के मध्य सेतु बन चुके हैं, उन्होंने अपने पुराने सांस्कृतिक अभियान को उत्थान के एक नए सोपान पर ले जाने का संकल्प लिया है। उनके नेतृत्व में टीम अब सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य के महामंचन को देशभर में करने के लिए तत्पर हैं। इससे सम्राट विक्रमादित्य के जीवन और दर्शन पर आधारित यह महानाट्य लाल किले जैसे ऐतिहासिक स्थल पर किया जाकर राष्ट्रीय गौरव और सांस्कृतिक धरोहर को पुनर्स्थापित कर सांसकृतिक उत्थान का नया आयाम स्थापित करेगा।

सम्राट विक्रमादित्य केवल इतिहास के पात्र नहीं हैं, वे भारतीय मानस के आदर्श पुरुष हैं। डॉ. मोहन यादव ने उन्हें सुशासन-प्रेरणा में बदल दिया है। उनका यह अभियान केवल उज्जैन या मध्यप्रदेश तक सीमित नहीं, बल्कि पूरे भारत में सांस्कृतिक चेतना की लौ जलाने वाला है।

जब लाल किले की प्राचीर पर विक्रमादित्य की गाथा गूंजेगी, तब यह केवल एक नाट्य मंचन नहीं होगा। यह भारतीय अस्मिता का उत्सव होगा।





# गरीबों की सेवा ही परमार्थ है, यही सच्ची मानव सेवा है : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## निष्काम सेवा ही दुनिया की सबसे बड़ी सेवा है, आनंदपुर धाम इसे निष्ठा के साथ आगे बढ़ा रहा : प्रधानमंत्री श्री मोदी



मध्यप्रदेश अजब और गजब है, विरासत के संरक्षण के साथ विकास के लिए मध्यप्रदेश में सिंहस्थ 2028 की हो रही तैयारियां

भोपाल (ए.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सेवा ऐसी गंगा है, जिसमें प्रत्येक व्यक्ति डुबकी लगाए तो उसका जीवन सार्थक हो सकता है। आज आनंदपुर धाम आकर मन अभिभूत है, जिस भूमि का कण-कण संतों की तपस्या से सींचा गया है, जहां सेवा के संकल्प मानवता का पथ प्रशस्त करते हों, वो धरती साधारण नहीं है। उन्होंने कहा कि यहां मंदिर में दर्शन किए और सेवा कार्यों की जानकारी ली तो हृदय आनंदित हो गया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, पर्यावरण संरक्षण क्षेत्र में श्री आनंदपुर ट्रस्ट के प्रयास सराहनीय और अनुकरणीय है। केन्द्र सरकार भी सेवा की भावना को केन्द्र में रखकर निर्धन वर्ग के लिए नि:शुल्क अनाज, पेयजल, आवास और स्वास्थ्य से जुड़ी जनकल्याण की योजनाओं का संचालन कर रही है। देश में नए-नए एम्स, आईआईटी, आईआईएम संस्थान प्रारंभ किए जा रहे हैं। हमारा पर्यावरण संरक्षित हो, इसके लिए एक पेड़ मां के नाम अभियान जारी है। गरीब और वंचित व्यक्तियों के उत्थान के लिए सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास-सबका प्रयास का मंत्र सरकार की नीति और निष्ठा है। सेवा की भावना हमारे व्यक्तित्व को निखारती है और व्यक्ति को बड़े उद्देश्यों से जोड़ती है। प्रधानमंत्री श्री मोदी शुक्रवार को अशोकनगर के आनंदपुर धाम में वार्षिक वैशाखी मेले और संस्था के गुरू महाराज के अवतरण दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

कार्यक्रम में राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, वरिष्ठ सांसद वी.डी. शर्मा, सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल सहित बड़ी संख्या में आनंदपुर धाम के अनुयायी उपस्थित थे। प्रधानमंत्री मोदी ने आश्रम के गुरू महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने आनंदपुर धाम मंदिर परिसर का भ्रमण किया और गुरुजी महाराज मंदिर में दर्शन और पूजा-अर्चना की। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने आनंद सरोवर की आरती उतारी और पुष्प अर्पित किए। आनंदपुर में हर वर्ष तीन दिवसीय वैशाखी मेला लगता है। इस वर्ष भारत के विभिन्न राज्यों से लगभग 20 हजार लोग आनंदपुर पहुंचे हैं।

**आनंदपुर क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता**

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि अशोकनगर के आनंदपुर क्षेत्र का विकास हमारा दायित्व है। इस क्षेत्र में कला, संस्कृति अर्थात् विरासत से विकास की अपार संभावनाएं हैं। इस क्षेत्र में चंदेरी साड़ी को जीआई टैग प्राप्त हुआ है। प्राणपुर में हैंण्डलूम विलेज प्रारंभ किया गया है। मध्यप्रदेश में विरासत के संरक्षण के साथ विकास के प्रयास हो रहे हैं। मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सिंहस्थ = 2028 की तैयारियां भी प्रारंभ करवा चुके हैं। प्रदेश की सरकार और नागरिक विकास में जुट गए हैं।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने द इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ आर्किटेक्ट्स-एमपी चैप्टर के सम्मेलन-ट्रांसम 2025 में प्रबुद्ध जनों को सम्मानित किया।

# यशवंतपुर-गया-यशवंतपुर के लिए स्पेशल ट्रेन चलेगी

**इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, मदनमहल, कटनी एवं सतना स्टेशनों से गुजरेगी**

भोपाल (निप्र)। रेल प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकाल में अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने के लिए गाड़ी संख्या 06563/06564 यशवंतपुर-गया-यशवंतपुर समर स्पेशल ट्रेन 10-10 ट्रिप चलाने का निर्णय लिया गया है। यह गाड़ी पश्चिम मध्य रेलवे के इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, मदनमहल, कटनी एवं सतना स्टेशन होकर गन्तव्य को जाएगी। गाड़ी संख्या 06563 यशवंतपुर-गया समर स्पेशल ट्रेन 12 अप्रैल से 14 जून 2025 तक प्रत्येक शनिवार को यशवंतपुर स्टेशन से 07:30 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन रविवार को इटारसी 12:45 बजे, पिपरिया 13:50 बजे, नरसिंहपुर 14:40 बजे, मदनमहल दोपहर 15:55 बजे, कटनी 19:58 बजे, सतना 19:20 बजे पहुँचकर और तीसरे दिन सोमवार को 08:15 बजे गया स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 06564 गया-यशवंतपुर समर स्पेशल ट्रेन 14 अप्रैल से 16 जून 2025 तक प्रत्येक सोमवार को गया स्टेशन से रात्रि 23:45 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन सतना 09:25 बजे, कटनी 10:40 बजे, मदनमहल 12:23 बजे, नरसिंहपुर 13:33 बजे, पिपरिया 14:38 बजे, इटारसी 16:10 बजे पहुँचकर और तीसरे दिन बुधवार रात 21:30 बजे यशवंतपुर स्टेशन पहुँचेगी। गाड़ी के ठहराव:- यह गाड़ी रास्ते में दोनों दिशाओं में यलहंका जंक्शन, धर्मावरम, अनंतपुर, गुत्ती जंक्शन, डोन जंक्शन, कर्नूलु सिटि, महबूबनगर, काचीगुडा, काजीपेट, रामागुंडम, बल्लारशाह, नागपुर, इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, मदनमहल, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्ज़ापुर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, भभुआ रोड, सासाराम एवं अनुग्रह नारायण रोड स्टेशनों पर रुकेगी। इस स्पेशल ट्रेन में वातानुकूलित तृतीय श्रेणी सहित शयनयान श्रेणी एवं द्वितीय सामान्य श्रेणी के कोच होंगे। स्पेशल ट्रेन के ठहराव एवं समय के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry. indian-rail.gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम से बना मध्यप्रदेश का 25वाँ अभ्यारण्य

भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल मार्गदर्शन में राज्य शासन ने सागर जिले के 258.64 वर्ग किलोमीटर आरक्षित वन क्षेत्र को मध्यप्रदेश का 25वाँ अभयारण्य घोषित करने की अधिसूचना जारी कर दी गयी। यह अभयारण्य डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम से जाना जायेगा।अभयारण्य के गठन से वन एवं वन्य-प्राणियों का संरक्षण एवं संवर्धन होगा। साथ ही पारिस्थितिकीय तंत्र में खाद्य श्रृंखला सुदृढ होगी और पर्यटन को बढावा मिलेगा। इससे स्थानीय रोजगार के अवसर सृजित होंगे। डॉ. भीमराव अंबेडकर अभयारण्य सागर जिले के उत्तर सागर वन मण्डल तहसील बंडा एवं शाहगढ वन क्षेत्र के 25864 हेक्टेयर (258.64 वर्ग किलोमीटर) आरक्षित वन क्षेत्र की सीमा होगी।


# स्त्री शिक्षा की नींव रखने में ज्योतिबा फुले का अतुलनीय योगदान : राज्यमंत्री श्रीमती गौर



भोपाल(निप्र)। पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले ने समाज में फैली कुरीतियों से लड़ने के लिए आंदोलन भी चलाया था। देश में स्त्री शिक्षा की नींव रखने और छुआछूत के खिलाफ अलख जगाने में उनका उल्लेखनीय योगदान है। राज्यमंत्री श्रीमती गौर शुक्रवार को भोपाल में सात नंबर बस स्टॉप ज्योतिबा फुले चौराहे पर मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग कल्याण परिषद द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती गौर ने कहा कि भारतीय समाज को सशक्त बनाने तथा महिला शिक्षा की अलख जगाने में ज्योतिबा फुले का योगदान युगों-युगों तक याद किया जाएगा। श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा कि अंग्रेजों की हुकूमत जब इस देश में चारों तरफ देश की जनता को गुलामी की बेड़ियों में जकड़े हुए थी तब ज्योतिबा फुले ने कहा था की शिक्षा का स्तर इस प्रकार से होना चाहिए की शिक्षा का प्रकाश समाज के कोने-कोने तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि हम सब को इस बात का संकल्प लेना होगा कि शिक्षा हर एक व्यक्ति का मौलिक अधिकार है और हर एक व्यक्ति को शिक्षा मिलनी ही चाहिए। श्रीमती गौर ने कहा कि ज्योतिबा फुले ने हमारे सामाजिक ढांचे की जड़ को हिलाकर उसमें सामाजिक चेतना का संचार करने का काम किया था। राज्य मंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार लगातार दलितों, पिछड़ों को शिक्षा की दृष्टि से आगे बढ़ाने के लिए योजनाओं का संचालन कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार पिछड़े वर्गों को शिक्षित करने की दिशा में लगातार काम कर रही है। कार्यक्रम में भोपाल की महापौर श्रीमती मालती राय, सांसद आलोक शर्मा, विधायक भगवान दास सबनानी, माली समाज के अध्यक्ष जी.पी. माली सहित संयुक्त माली, सैनी, मुरार समाज के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# हमीदिया अस्पताल की लिफ्ट से जाने को लेकर वार्ड बॉय ने डायलिसिस पैशेंट की ऊंगली तोड़ी

**- जांच के लिए 11 वीं मंजिल पर जाने के लिये मरीज कर रहा था लिफ्ट का प्रयोग**



भोपाल( ए)। हमीदिया अस्पताल में बुधवार सुबह एक वार्ड बॉय ने डायलिसिस पैशेंट की लिफ्ट में सवार होने पर उससे विवाद करते हुए मारपीट कर उसकी ऊंगली मोड दी, जिससे उसमें फ्रेक्चर हो गया। घायल मरीज को ईको की जांच के लिए 11 वें फ्लोर पर जाना था। वहीं वार्ड बॉय ने कहा कि लिफ्ट मरीजों के लिए नहीं है, इसके बाद विवाद करते हुए उसकी पिटाई कर दी। शिकायत मिलने पर पुलिस ने आरोपी वार्ड ब्वॉय के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार जेपी नगर गौतम नगर में रहने वाले जितेन्द्र अहिरवार (34) ने अपनी शिकायत में बताया की वह गंभीर बीमारी से पीडित है, और बीमारी के कारण कोई काम नहीं करते हुए अधिकतर समय घर पर ही रहते हैं। इलाज के सिलसिले में बुधवार सुबह 8 बजे वह अपने भाई मनोज के साथ हमीदिया अस्पताल गए थे। यहॉ ए-ब्लॉक के तीसरे फ्लोर पर डॉ. प्रवीण सक्सेना के पास पहुंचे। उनके पर्चे पर ईको की जांच, एक्स-रे और ईसीजी की जांच लिखी थी। जितेन्द्र ने फर्स्ट फ्लोर पर आकर एक्सरे की जांच कराई और उसके बाद दोपहर करीब एक बजे ईको की जांच कराने फर्स्ट फ्लोर से ग्यारहवें फ्लोर पर जाने के लिए लिफ्ट में सवार होने लगे। उसी दौरान वार्ड बॉय कन्हैया मिला और बोला कि लिफ्ट में कैसे बैठ रहे हो।

इस पर जितेन्द्र ने उससे कहा कि मेरी दोनों किडनी खराब हैं, डायलिसिस मरीज हूं। इस वजह से जॉच कराने के लिये लिफ्ट का प्रयोग कर रहा हूं। इस पर वार्ड बॉय ने उनसे दुर्व्यवहार करते हुए कहा कि लिफ्ट तेरे लिए नहीं है, स्टॉफ के लिए है। उसके बात करने के रवैये पर जितेन्द्र ने आपत्ति की तब वार्ड बॉय कन्हैया ने गुस्से में आकर जितेन्द्र के साथ झूमाझटकी कर दी। और उनके दाहिने हाथ की ऊंगली को मोड दिया। उनके भाई मनोज ने जैसै-तैसै बीच-बचाव किया। फरियादी का आरोप है कि वार्ड बॉय कन्हैया ने उसे पुलिस में रिपोर्ट करने पर जान से मारने की धमकी भी दी थी। बाद में जितेन्द्र और उनका भाई मनोज कोहेफिजा थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई।

# टीआई, हेड कांस्टेबल के बाद फरार एएसआई को भी मिली जमानत

**भोपाल का फर्जी कॉल सेंटर मामला**

भोपाल(ए.)। राजधानी भोपाल के ऐशबाग थाना इलाके में स्थित एक बिल्डिंग में चल रहे फर्जी कॉल सेंटर के भंडाफोड़ मामले में तीसरे आरोपी पुलिसकर्मी को भी कोर्ट ने जमानत दे दी है। आरोपी पुलिस कर्मियों पर फर्जी कॉल सेंटर के आरोपियों को बचाने के लिए रिश्वत लेने के आरोप लगे है।मामले में गुरुवार को विशेष न्यायधीश आरपी मिश्रा की कोर्ट ने आरोपी एएसआई मनोज सिंह को जमानत दे दी है। आरोपी को समानता के अधिकार का लाभ दिया गया है। कोर्ट ने आदेश में लिखा कि मामले के अन्य आरोपी टीआई जीतेंद्र गढ़वाल और प्रधान आरक्षक धर्मेंद्र सिंह को पूर्व में इस केस में जमानत दी जा चुकी है। इन दोनों आरोपियों पर भी समान आरोप थे, जो मनोज पर हैं। लिहाजा समानता के अधिकार के तहत 50 हजार रुपए के बॉन्ड पर मनोज को जमानत दी जाती है। वहीं केस का मुख्य आरोपी एएसआई पवन रघुवंशी, रिश्वत कांड का बिचौलिया पार्षद अंशुल जैन और रिश्वत भेजने वाला मोइन खान फरार है। एसआईटी की टीम तीनों की तलाश कर रही है। रिश्वत कांड के मुख्य आरोपी पुलिसकर्मी पवन रघुवंशी द्वारा पुलिस को दिए बयानों के मुताबिक, मामले में मुख्य आरोपी अफजल खान के साले मोइन खान, उसके भाई वसीम खान और अफजल की पत्नी जाहिदा को आरोपी न बनाने के लिए रिश्वत मांगी गई थी। टीआई जितेंद्र गढ़वाल के कहने पर पवन और साथी एएसआई मनोज सिंह, प्रधान आरक्षक धर्मेंद्र सिंह ने पूरी डील की थी।

# जबलपुर-बांद्रा टर्मिनस व जबलपुर-कोयम्बटूर स्पेशल ट्रेनों में यात्रियों को बड़ी राहत, दो सामान्य श्रेणी कोच की बढ़ोतरी



भोपाल (निप्र)। रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ट्रेन संख्या 02134/02133 जबलपुर-बांद्रा टर्मिनस-जबलपुर स्पेशल एवं 02198/02197 जबलपुर-कोयम्बटूर-जबलपुर स्पेशल ट्रेनों में दो सामान्य श्रेणी (जनरल) के कोच स्थायी रूप से जोड़े जा रहे हैं।

इस संबंध में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि ग्रीष्मकालीन भीड़ और बढ़ती हुई यात्रियों की संख्या को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। यह व्यवस्था भोपाल मंडल से गुजरने वाली निम्नलिखित गाड़ियों में निर्धारित तिथियों से प्रभावी होगी।

-गाड़ी संख्या 02134 जबलपुर-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल दिनांक 06 जून 2025 से

-गाड़ी संख्या 02133 बांद्रा टर्मिनस-जबलपुर स्पेशल दिनांक 07 जून 2025 से

-गाड़ी संख्या 02198 जबलपुर-कोयम्बटूर स्पेशल दिनांक 06 जून 2025 से

-गाड़ी संख्या 02197 कोयम्बटूर-जबलपुर स्पेशल दिनांक 09 जून 2025 से

इस परिवर्तन के बाद अब इन ट्रेनों में 4 सामान्य श्रेणी, 9 स्लीपर श्रेणी, 6 तृतीय वातानुकूलित ( AC-3), 2 द्वितीय वातानुकूलित ( AC-2) एवं 1 प्रथम वातानुकूलित ( AC-1) कोच सहित कुल 24 कोच रहेंगे। रेल प्रशासन यात्रियों से अनुरोध करता है कि यात्रा से पूर्व गाड़ी की समय-सारणी एवं ठहराव संबंधी अद्यतन जानकारी के लिए अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा NTES/139 का उपयोग करें।

# स्कूल शिक्षा विभाग का स्पोटर्स मैनेजमेंट सिस्टम

भोपाल(आरएनएस)। स्कूल शिक्षा विभाग ने एजुकेशन पोर्टल की तर्ज पर समूचे प्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग की विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं को डिजिटल प्लेटफार्म पर शिफ्ट करते हुए पेपरलेस बनाया है। विभाग का यह एक अभिनव प्रयोग है, जो खेलों की पारदर्शी प्रक्रिया को बढ़ावा देने के लिये महत्वपूर्ण कदम है। मध्यप्रदेश में शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित मान्यता प्राप्त एमपी बोर्ड के समस्त विद्यालय, सीबीएसई के ऐसे विद्यालय, जो स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के एवं स्कूल शिक्षा विभाग के तत्वावधान में आयोजित विभिन्न खेलों की प्रतियोगिताओं में शामिल होना चाहते हैं, वे इस पोर्टल पर निश्चित पंजीयन शुल्क के साथ आवश्यक अभिलेख अपलोड करते हुए पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन 14 से 19 वर्ष से कम आयु वर्ग की प्रतियोगिता के लिये एक ही बार कराना होगा। सिस्टम में प्रति वर्ष आवश्यकतानुसार अपग्रेड किये जाने की सुविधा प्रदाय की गई है। विद्यालय में अध्ययन कर रहे नियमित खिलाड़ियों की दर्ज संख्या के मान से निर्धारित खेल शुल्क का संकलन इसी पोर्टल के माध्यम से किया जा सकेगा, जो स्वत: ही संचालनालय, संयुक्त संचालक संभाग और जिला शिक्षा अधिकारी के खाते में शासन द्वारा निर्धारित प्रतिशत अनुसार अंतरित हो जायेगा।



लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने निर्माण भवन में विभाग द्वारा सड़क एवं पुल कार्यों की नवीन दर (एसओआर) अनुसूची का विमोचन कर सम्बोधित किया।

# गोरखपुर खंड में नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के चलते पुणे-गोरखपुर-पुणे एक्सप्रेस ट्रेन निरस्त



भोपाल (निप्र)। गोरखपुर-गोरखपुर कैंट खंड के बीच तीसरी लाइन के निर्माण कार्य के तहत नॉन इंटरलॉकिंग कार्य किए जाने के कारण भोपाल मंडल से गुजरने वाली पुणे-गोरखपुर-पुणे एक्सप्रेस अपने निर्धारित तिथियों में निरस्त रहेंगी। गाड़ी संख्या 11037 पुणे-गोरखपुर एक्सप्रेस दिनांक 17 अप्रैल, 24 अप्रैल एवं 01 मई 2025 को निरस्त रहेगी। वहीं, वापसी दिशा की गाड़ी संख्या 11038 गोरखपुर-पुणे एक्सप्रेस दिनांक 19 अप्रैल, 26 अप्रैल एवं 03 मई 2025 को निरस्त की जाएगी। यात्रियों से अनुरोध है कि असुविधा से बचने के लिए रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा NTES/139 से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी प्राप्त करके तदनुसार यात्रा प्रारम्भ करें। उक्त विशेष ट्रेनों के विस्तृत समय और ठहराव की विस्तृत जानकारी हेतु कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाएं या NTES ऐप डाउनलोड करें।

## विविध-समाचार

# एफआईआर के डर से युवक ने खुद को लगाई आग

भोपाल(आरएनएस)। गौतम नगर इलाके में युवक ने खुद पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा ली। तत्काल पुलिस स्टाफ ने पानी डाला और कंबल से युवक की आग को बुझा दिया। इलाज के लिए युवक को अस्पताल भेजा गया है। बताया जा रहा है कि युवक ने एफ्आईआर के डर से खुद को आग लगाई। दरअसल, उसकी पत्नी थाने शिकायत दर्ज कराने पहुंची थी। थाना प्रभारी महेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि सूरज ग्यासी (30) मूल रूप से टीकमगढ़ का रहने वाला था। वह टीला जमालपुरा में स्थित हरीजन बस्ती में पत्नी के मायके में रह रहा है। दो दिन पहले पत्नी ने आपसी विवाद के बाद पति के खिलाफ टीला जमालपुरा में एफ्आईआर दर्ज करा दी थी। शुक्रवार की दोपहर को करीब 1 बजे दोनों में विवाद हो गया। इसके बाद पत्नी शिकायत करने गौतम नगर थाने पहुंच गई। पीछे से पति पहले से पेट्रोल डालकर थाने के बाहर आया। उसे संदेह था कि एफ्आईआर दर्ज होगी और उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इसी शंका में उसने खुद को आग लगा ली। हालांकि मौके पर पुलिस ने तत्काल पानी और कंबल से आग को बुझाया और उसे अस्पताल पहुंचाया। आग बुझाने के प्रयास में एक पुलिसकर्मी के हाथ मामूली रूप झुलस गए।

# युवक ने खेत में पेड़ से लगाई फांसी

भोपाल (आरएनएस)। ईटखेड़ी इलाके में पेड़ से फंदा बनाकर युवक ने सुसाइड कर लिया। मृतक के भाई का आरोप है कि उसकी एक महिला मित्र लापता हो गई थी। इसके संबंध में पुलिस ने उससे कॉल पर पूछताछ की थी। पुलिस के डर के कारण युवक ने सुसाइड किया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। घटना गुरुवार की देर रात की है। शुक्रवार की दोपहर को पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। सतीष दांगी (22) पुत्र राधेश्याम दांगी निवासी रायपुर गांव ईटखेड़ी का रहने वाला था। वह गांव में ही पिता के साथ खेती किसानी का काम करता था। उसके भाई सुरेंद्र सिंह दांगी ने बताया कि गुरुवार की दोपहर को गुनगा इलाके में रहने वाली भाई की महिला मित्र लापता हो गई। परिजनों की शिकायत के बाद पुलिस ने पूछताछ के लिए सतीष को कॉल किया। इससे वह घबरा गया, उसे लगा कि पुलिस उसकी गिरफ्तारी कर लेगी। इस बात का जिक्र उसने हमसे किया था। इसके बाद बिन बताए लापता हो गया। रात के समय उसकी तलाश की, तब शव को उसी के खेत में फांसी के फंदे पर लटका हुआ देखा। शव को फंदे से उतारने के बाद पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेने के बाद बॉडी पीएम के लिए भेज दी गई।

# महात्मा ज्योति बा फूले जयन्ती सांसद शर्मा, विधायक सबनानी, महापौर ने अर्पित किए श्रद्धा-सुमन

भोपाल (आरएनएस)। महात्मा ज्योति बा फूले की जयन्ती के अवसर पर अरेरा कालोनी स्थित महात्मा फूले की प्रतिमा पर पिछड़ा वर्ग एवं अल्प संख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर, सांसद आलोक शर्मा, विधायक भगवानदास सबनानी, महापौर मालती राय, पूर्व मंत्री पी.सी.शर्मा, पूर्व प्रशासनिक अधिकारी जी.पी.माली सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों ने श्रद्धा-सुमन अर्पित किए।

# भगवान श्री कार्तिकेय की जयन्ती पर की महापौर ने की पूजा-अर्चना

भोपाल (आरएनएस)। भगवान श्री कार्तिकेय की जयन्ती के अवसर पर महापौर मालती राय ने पूजा-अर्चना की एवं बधाई तथा शुभकामनाएं भी दी। भगवान श्री कार्तिकेय की जयन्ती के अवसर पर शुक्रवार को महापौर मालती राय पिपलानी स्थित श्रीराम मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुई और विधिवत पूजा-अर्चना की। महापौर राय ने इस अवसर पर तमिल बंधुओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा इस अवसर पर आयोजित भंडारे में श्रद्धालुजन को भोजन भी परोसा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में तमिल समाज के पदाधिकारी व गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

# उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने प्रदेशवासियों को दी हनुमान जयंती की शुभकामनायें

भोपाल (आरएनएस)। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि भगवान श्री हनुमान शक्ति, भक्ति, साहस, सेवा और समर्पण के प्रतीक हैं। उनका जीवन हमें निष्ठा, अनुशासन और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। प्रभु श्रीराम के प्रति उनकी अटूट भक्ति और निष्काम सेवा प्रत्येक नागरिक के लिए प्रेरणास्रोत है।उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने प्रदेशवासियों के उत्तम स्वास्थ्य, सुख-शांति, समृद्धि एवं कल्याण की कामना की है। उन्होंने भगवान हनुमान से सभी के जीवन में नई ऊर्जा, सकारात्मकता और संकल्प की भावना का संचार करने की प्रार्थना की है।

# विद्यार्थी और पंजीकृत फार्मासिस्ट को डिजिटल, सुलभ सेवाओं के प्रदाय लिए मध्यप्रदेश सरकार संकल्पित: राज्य मंत्री पटेल

भोपाल (आरएनएस)। लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने कहा है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए संकल्पित है कि हर विद्यार्थी और पंजीकृत फार्मासिस्ट को बिना किसी विलंब के डिजिटल, सुलभ और प्रभावी सेवाएं उपलब्ध हों। राज्य मंत्री पटेल ने मध्यप्रदेश स्टेट फार्मेसी काउंसिल, भोपाल कार्यालय का दौरा कर पंजीकरण प्रक्रिया की सम्पूर्ण कार्य प्रणाली का अवलोकन किया। राज्य मंत्री पटेल ने काउंसिल के अधिकारियों एवं स्टॉफ से संवाद कर पंजीकरण प्रक्रिया को और अधिक सरल, सुगम, पारदर्शी एवं छात्र हितैषी बनाने के संबंध में आवश्यक सुझाव प्राप्त किए। उन्होंने तकनीकी माध्यमों से प्रक्रिया को त्वरित और प्रभावी बनाने पर जोर दिया। राज्य मंत्री पटेल ने कहा कि प्रदेश में फार्मेसी के किसी भी छात्र एवं अभ्यर्थी को पंजीकरण में अनावश्यक परेशानी न हो और सभी प्रक्रियाएं पारदर्शी एवं समयबद्ध रूप से संचालित हों इसके लिए प्रभावी प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य शिक्षा और पंजीकरण से जुड़ी संस्थाओं में निरंतर सुधार और नवाचार के माध्यम से ही छात्र हितों की रक्षा की जा सकती है। फार्मेसी काउंसिल की कार्यप्रणाली को और अधिक सुदृढ़ करने हेतु राज्य सरकार हरसंभव प्रयास कर रही है। प्रभारी रजिस्ट्रार माया अवस्थी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. प्रभाकर तिवारी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# मंत्री श्री पटेल ने ग्राम रीछई में किया विभिन्न कार्यो का लोकार्पण और भूमिपूजन



करेली (ए)। करेली पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने करेली जनपद पंचायत रीछई में लगभग 50 लाख रुपए की लागत के आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप स्वास्थ्य केन्द्र, दाने दादा से मृगेन्द्रनाथ धाम की ओर सुदूर सडक, सामुदायिक भवन एवं आंगनबाडी केन्द्र क्रमांक दो का लोकार्पण और खेल मैदान समतलीकरण सीडी एवं रिटर्निंग वॉल निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया।

मंत्री श्री पटेल कहा कि आज मृगेंद्रनाथ धाम आने का अवसर मिला है। यह धाम बहुत प्राचीन है।यहाँ से गहरा नाला का उद्गम हुआ है जो नर्मदा नदी में जाकर मिलता है। जिले में ऐसी बहुत कम नदियाँ है, जो नर्मदा में समाहित होती है। इस संबंध में उन्होंने सागर जिले के केसली जनपद के खैरी गांव का उल्लेख करते हुए बताया कि यह दो नदियों सुनार और सिंदूर का उद्गम स्थल है। मंत्री श्री पटेल ने बताया कि उनके गुरु परम पूज्य श्री श्री बाबा श्री जी ने कहा था कि नदी का उद्गम ऊर्जा और नदी का संगम जीवन देता है। हमने अपने लालच के लिए जल का दोहन तो किया है लेकिन उसके संचयन के लिए ध्यान नहीं दिया। मृगेंद्रनाथ धाम के समीप गहरा नाला बारहमासी नहीं है, हमें इसके कारणों को जानना होगा जिससे हम इसमें जल संरक्षित कर सके। मंत्री श्री पटेल ने बताया कि राज्य सरकार जल गंगा संवर्धन अभियान चला रही है। छोटी नदियों और जल स्रोतों के अस्तित्व को बचाए रखने के लिए न केवल प्रशासन बल्कि आम नागरिकों की जन भागीदारी भी आवश्यक है। छोटी-छोटी जल संरचनाओं को यदि हम सुरक्षित करते हैं तो भविष्य में जल संकट से बच सकते हैं और इसी उद्देश्य से जल गंगा संवर्धन अभियान पूरे प्रदेश भर में वृहद स्तर पर शुरू किया गया है, जिससे हमारे जलाशयों की सफाई, छोटी नदी, तालाब आदि जल संरचनाओं को संरक्षित किया जा सके और पौधारोपण किया जा सके। सभी की भागीदारी से ही इस अभियान की सफलता है। हमें एकजुट होकर जल संरक्षण के लिए काम करना होगा। उन्होंने कहा कि प्रकृति का अनुपम वरदान है जल। इसे हमें अपने और भावी पीढ़ी के लिए बचाना होगा। जल के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है।

## ग्राम पंचायत वरजोरपुरा में विधायक ने 42.17 लाख का भूमिपूजन एवं 14 लाख के निर्माण कार्य का किया लोकार्पण

दतिया (आरएनएस)। ग्राम पंचायत बरजोरपुरा के ग्राम स्यावरी में नवीन पंचायत भवन निर्माण 37 लाख 49 हजार लागत एवं शांति धाम का सौंदर्यीकरण लागत 4 लाख 68 हजार के निर्माण कार्यों का भूमि पूजन एवं सीसी रोड निर्माण कार्य लागत 14 लाख के लोकार्पण किया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सेंवढा विधायक प्रदीप अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि मध्य प्रदेश सरकार हर एक गांव के लिए विकास की योजनाएं निरंतर चलाई रही है। उन्होंने कहा कि सरकार पंचायतों को 30 लाख से 50 लाख रुपये के विकास कार्य स्वीकृत किए जा चुके हैं, जो ग्राम पंचायतें शेष रह गई हैं आगामी वर्षों में उन्हें भी ग्राम के चहुमुखी विकास के लिए राशि शीघ्र उपलब्ध कराई जाएगी। सरकार का प्रमुख उद्देश्य गांव का विकास, शहर का विकास, एवं अंतिम छोर के व्यक्ति का विकास करना है। किसान क्रेडिट कार्ड योजना, आयुष्मान योजना, संबल योजना, लाडली बहना योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, प्रधानमन्त्री सड़क योजना, प्रधानमन्त्री आवास योजना, जैसी अनेकों योजनाओं चलाई जा रही है।

## दो अतिथि शिक्षक का 15 दिवस का मानदेय राजसात किया

दतिया (आरएनएस)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दतिया अक्षय कुमार तेम्रवाल ने आदेश जारी कर जानकारी दी है कि विगत दिवस 9 अप्रैल 2025 को दतिया जिले के ग्राम बसई जाकर शासकीय प्रथामिक विधालय मानिकपुर संकुल केद्र शा.मा.वि बसई एवं शा.प्राथमिक विद्यालय लुडिया संकुल केंद्र शा.मा.वि केद्र का औचक निरिक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान तेम्रवाल ने उक्त दोनों विद्यालयों में पाया गया कि शिक्षक दोनों केन्द्रो के अतिथि शिक्षक विद्यालयों में अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित थे। जबकि संबधित का दायित्व था कि वह विद्यालयीन समय में विघालय में उपस्थित रहे। संबधित अतिथि शिक्षक को आपने दायित्व के प्रति लापरवाही करने पर मनिकपुर अतिथि शिक्षक अरविन्द साहू एवं लुडिया के अतिथि शिक्षक विनकेश पाल का 15 दिवस का मानदेय राजसात कर आदेश जारी किये गये है।

## जिला पंचायत सीईओ ने किया होलीपुरा स्कूल का औचक निरीक्षण

दतिया (आरएनएस)।शुक्रवार को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षय कुमार तेम्रवाल द्वारा शासकीय कन्या हाई स्कूल होली पूरा दतिया विद्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में विद्यालय की प्रबंधन संतोषप्रद पाया गया है।

## परिणीता राजे को बनाया गया मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की प्रदेश समिति का सदस्य

दतिया (आरएनएस)। शुक्रवार को योजना आर्थिक सांख्यिकी विभाग वल्लभ भवन भोपाल के आदेश अनुसार मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद भोपाल सलाहकार समिति का गठन किया गया है। जिसके अध्यक्ष मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव है, जबकि समिति सदस्यों के रूप में हर संभाग से एक प्रतिनिधि मनोनीत किया है। चंबल संभाग प्रतिनिधि के रूप में परिणीता राजे को मुख्यमंत्री की अनुशंसा पर समिति का सदस्य बनाया गया है। मप्र जन अभियान दतिया जिले के जिला समन्वयक मुनेंद्र शेजवार ने उनके निवास पर पहुंचकर आदेश की प्रति प्रदान कर उनका स्वागत अभिनंदन किया। इस अवसर पर समाजसेवी संजय रावत, रामजी राय, विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## माध्यमिक शिक्षक लांच को कारण बताओ नोटिस जारी

दतिया (आरएनएस)।मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षय कुमार तेम्रवाल को शासकीय माध्यमिक विद्यालय लांच एचएम जाटव के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर अवगत कराया गया है कि माध्यमिक शिक्षक शासकीय माध्यमिक विद्यालय लॉच मोहसिन खांन 24 फरवरी 2025 से आज दिनांक तक शाला पर उपस्थित नहीं हुए है। आप अपनी मनमर्जी से सेवढा डयूटी लगवा लेते है। संबधित से प्रथम दृष्टया परिलक्षित हो रहा है कि आपके द्वारा कार्य के प्रति घोर लापरवाही एवं उदासीनता बरती जा रही है जो कि अत्यंत्र खेदजनक है। आपके द्वारा पदीय कर्तव्य निर्वहन में उदासीनता एवं लापरवाही, कर्तव्यविमुख आचरण किया जाना स्पष्ट है। आपका कृत्य म.प्र. सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 3 के उल्लंघन की श्रेणी में आता है। उक्त कृत्य के लिए क्यों न आपके विरूद्व मध्य प्रदेश सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 16(क) सहपठित नियम 10(4) के तहत कार्यवाही कर आप पर एक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोके जाने की शस्ति अधिरोपित की जावे या फिर क्यों न आपको निलंबित किया किया जाए।

## वक्फ बिल पर दिग्विजय सिंह के विरोध के बाद में युवा मोर्चा ने लगाएं गद्दार के पोस्टर




गुना (ए)। वक्फ बिल को लेकर कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह के विरोध के बाद अब उन्हें लेकर सियासत गर्मा गई है। शहर में गुरूवार-शुक्रवार की दरम्यानी रात युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उनके खिलाफ पोस्टर लगाए, जिनमें उन्हें गद्दार और देश, धर्म व पूर्वजों का विरोधी बताया गया है। इन पोस्टरों को लेकर शहर में चर्चा तेज हो गई है और राजनीतिक माहौल गरमा गया है। पोस्टर शहर के कई प्रमुख स्थानों पर चिपकाए गए हैं, जिनमें से कई ऐसे भी स्थान हैं जहां पोस्टर लगाना प्रतिबंधित है। इससे यह भी संकेत मिलता है कि पोस्टर लगाने वालों ने प्रशासनिक निर्देशों की अनदेखी की है। दरअसल दिग्विजय सिंह ने हाल ही में वक्फ बिल के खिलाफ संसद में अपनी आवाज बुलंद की थी, जिसमें उन्होंने मुस्लिम समुदाय के वक्फ बोर्डों को मिलने वाले विशेषाधिकारों और संपत्ति से जुड़े प्रावधानों पर आपत्ति जताई थी। कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों ने भी इस बिल के कई प्रावधानों पर आपत्ति जताई थी, जिसके चलते संसद के दोनों सदनों में इस पर तीखी बहस हुई थी। बिल के विरोध में देश के कई हिस्सों में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भी शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किए। गुना में ईद के मौके पर कुछ मुस्लिम नागरिकों ने काली पट्टी बांधकर प्रतीकात्मक विरोध जताया था।

# जल गंगा संवर्धन अभियान सराहनीय- विधायक श्री पटेल

## विधायक श्री पटेल ने तेंदूखेड़ा के तालाब में किया श्रमदान

नरसिहंपुर (ए.)। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल नगर परिषद तेंदूखेड़ा स्थित तालाब में श्रमदान किया। यह श्रमदान वन विभाग, तिंसा फाउंडेशन और नगर परिषद के तत्वावधान में किया जा रहा है। इस अभियान में प्लास्टिक मुक्त बनाने का संकल्प लिया। इस अभियान में कॉलेज के विद्यार्थी भी अपनी स्वेच्छा से श्रमदान में भाग ले रहे हैं। विधायक श्री पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान में जो कदम उठाया गया है, वह सराहनीय हैं। जल है तो कल है, प्रकृति के साथ हमारा सदैव संबंध रहा है। हमें यह दृड संकल्प लेना होगा कि हम आने वाली पीडी के लिये जल को सुरक्षित रखेंगे। पृथ्वी पर जल सबसे महत्वपूर्ण संसाधनों में से एक है, जीवन के लिए जल संरक्षण अपरिहार्य है। यह अनमोल संसाधन संरक्षित रहे इसके लिए राज्य शासन द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इस अवसर पर पूर्व विधायक भैयाराम पटेल, नगर परिषद अध्यक्ष विष्णु शर्मा, जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र गंगोलिया, पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्रीमती वंदना पटेल, डालचंद पटेल, शिवदयाल खेरोनिया, मंजू सोनी, मंडल अध्यक्ष



सोनू महाराज, गुड्डु ठाकुर सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी- कर्मचारी और नागरिक मौजूद थे।

# दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों को मिला जीवन उपयोगी सहारा

**प्रभातपट्टन में आयोजित हुआ सहायक उपकरण वितरण शिविर**

बैतूल (ए.)। भारत सरकार की एडीआईपी एवं वयोश्री योजनांतर्गत सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा शुक्रवार को जनपद पंचायत प्रभातपट्टन में सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंग वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एल्मिको जबलपुर के विशेषज्ञों द्वारा पूर्व में चिन्हित किए गए दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठजनों को जीवन उपयोगी उपकरण प्रदान किए गए। लाभार्थी प्रभातपट्टन, आठनेर, मुलताई जनपद पंचायतों तथा नगरपालिका परिषद मुलताई एवं नगर परिषद आठनेर क्षेत्र से थे। उक्त शिविर में विधायक चंद्रशेखर देशमुख, जनपद अध्यक्ष श्रीमती सोनाली इडपाचे, जनपद सदस्य नितेश काले एवं खंड पंचायत अधिकारी प्रेमकुमार पानकर ने उपकरणों का वितरण किया। इस अवसर पर विधायक श्री



देशमुख ने शासन की इस जनहितैषी योजना की सराहना करते हुए दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठजनों को सम्बोधित किया और केंद्र सरकार व सामाजिक न्याय मंत्रालय के प्रति आभार व्यक्त किया।



# अदाणी समूह के 750 मिलियन डॉलर के बॉन्ड इश्यू में सबसे बड़ा निवेशक अमेरिकी प्रमुख ब्लैकरॉक




नई दिल्ली (आरएनएस)। भारतीय दिग्गज अदाणी समूह द्वारा जारी किए गए 750 मिलियन डॉलर के निजी बॉन्ड में अमेरिका स्थित प्रमुख एसेट मैनेजर ब्लैकरॉक सबसे बड़ा निवेशक है। यह जानकारी गुरुवार को सूत्रों की ओर से दी गई।

मामले से जुड़े लोगों के अनुसार, ब्लैकरॉक का यह कदम भारत के इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में एसेट मैनेजर का पहला निजी प्लेसमेंट है। ब्लैकरॉक की भागीदारी यह भी संकेत देती है कि उसे अमेरिका में कानूनी कार्यवाही से समूह के लिए किसी महत्वपूर्ण परिचालन व्यवधान को लेकर कोई आशंका नहीं है।

वैश्विक स्तर पर 12 ट्रिलियन डॉलर की संपत्ति की देखरेख करने वाले ब्लैकरॉक ने 750 मिलियन डॉलर के इश्यू का एक तिहाई हिस्सा अपने पास ले लिया है, जिसकी अवधि 3 से 5 साल की है।ब्लैकरॉक के अलावा, अदाणी समूह के पूंजी जुटाने में पांच अन्य संस्थागत निवेशकों ने भी भाग लिया।सूत्रों के अनुसार, अदाणी समूह के प्रमोटर फैमिली की पूर्ण स्वामित्व वाली ऑफशोर एंटिटी रिन्यू एक्जिम डीएमसीसी के 750 मिलियन डॉलर के बॉन्ड इश्यू का इस्तेमाल आईटीडी सीमेंटेशन के अधिग्रहण और दूसरे विकास के अवसरों को फाइनेंस करने के लिए किया जाएगा।अदाणी समूह ने इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में अपनी इंजीनियरिंग क्षमताओं को मजबूत करने के उद्देश्य से पिछले साल आईटीडी सीमेंटेशन में अपने प्रमोटर्स से 5,888.57 करोड़ रुपये में 46.64 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने की घोषणा की थी।

रिन्यू एक्जिम ने तब से 400 रुपये प्रति शेयर के हिसाब से ओपन ऑफर के जरिए अतिरिक्त 20.81 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल कर ली है।जवाहरलाल नेहरू पोर्ट ट्रस्ट और तूतीकोरिन, मुंद्रा और विझिनजाम में बंदरगाहों जैसी प्रमुख परियोजनाओं पर अपने काम के लिए दुनियाभर में मशहूर आईटीडी सीमेंटेशन को अदाणी की लॉन्ग-टर्म निवेश महत्वाकांक्षाओं के लिए एक रणनीतिक संपत्ति के रूप में देखा जाता है।ब्लैकरॉक के चेयरमैन लैरी फिंक के अनुसार, इंफ्रास्ट्रक्चर सबसे रोमांचक लॉन्ग टर्म निवेश अवसरों में से एक है, क्योंकि कई संरचनात्मक बदलाव वैश्विक अर्थव्यवस्था को नया आकार देते हैं।अदाणी समूह दुनिया के सबसे बड़े निवेशक के प्रवेश को एक मजबूत विश्वास मत के रूप में देखता है।यह अदाणी समूह का दूसरा निजी डॉलर बॉन्ड जारी करने को दिखाता है। समूह ने फरवरी में अपने ऑस्ट्रेलियाई बंदरगाह संचालन के लिए लगभग 200 मिलियन डॉलर जुटाए थे।

## वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता में रिकॉर्ड 29.52 गीगावाट की हुई बढ़ोतरी

नई दिल्ली (आरएनएस) । वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता में रिकॉर्ड 29.52 गीगावाट का इजाफा हुआ है, जिससे 31 मार्च, 2025 तक देश की रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता बढ़कर 220.10 गीगावाट हो गई है। यह जानकारी न्यू एंड रिन्यूएबल एनर्जी मंत्रालय (एमएनआरई) द्वारा दी गई। पिछले वित्त वर्ष में रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता में तेज विस्तार की वजह सोलर एनर्जी क्षमता में 23.83 गीगावाट का इजाफा होना है। वित्त वर्ष 2023-24 में यह आंकड़ा 15.03 गीगावाट का था।

बयान में कहा गया कि देश में कुल स्थापित सोलर एनर्जी क्षमता अब 105.65 गीगावाट हो गई है, जिसमें ग्राउंड-माउंटेड इंस्टॉलेशन (81.01 गीगावाट), रूफटॉप सोलर (17.02 गीगावाट), हाइब्रिड प्रोजेक्ट्स के सोलर कंपोनेंट (2.87 गीगावाट) और ऑफ-ग्रिड सिस्टम (4.74 गीगावाट) शामिल हैं। वित्त वर्ष 2024-25 में विंड एनर्जी क्षमता में भी मजबूत प्रगति देखी गई है और इस दौरान 4.15 गीगावाट क्षमता जोड़ी गई है। यह आंकड़ा वित्त वर्ष 2023-24 में 3.25 गीगावाट था।

## व्यापार निकाय ने अमेरिका के टैरिफ रोके जाने के बाद अंतरिम टेक्सटाइल एक्सपोर्ट प्रोटेक्शन स्कीम की मांग की

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारतीय वस्त्र उद्योग परिसंघ (सीआईटीआई) ने गुरुवार को कहा कि अमेरिका के रेसिप्रोकल टैरिफ में 90 दिन की राहत उन भारतीय कपड़ा और परिधान निर्यातकों के लिए सकारात्मक है, जो उच्च टैरिफ बाधाओं का सामना कर रहे थे। सीआईटीआई ने सरकार से अंतरिम टेक्सटाइल एक्सपोर्ट प्रोटेक्शन स्कीम शुरू करने का आग्रह किया।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन को छोड़कर सभी के लिए रेसिप्रोकल टैरिफ पर 90 दिन की रोक की घोषणा की है।

इस अवधि के दौरान, मौजूदा शुल्क, फीस, कर, वसूली या लागू शुल्क के अलावा 10 प्रतिशत का काफी कम रेसिप्रोकल टैरिफ लागू रहेगा।सीआईटीआई के चेयरमैन राकेश मेहरा ने कहा, अस्थायी राहत से भारतीय कपड़ा और परिधान निर्यातकों को अल्पकालिक राहत मिलेगी, जो उच्च टैरिफ बाधाओं का सामना कर रहे थे। हालांकि, यह केवल एक अस्थायी उपाय है। यह महत्वपूर्ण है कि भारत सरकार अधिक सस्टेनेबल और पारस्परिक रूप से लाभकारी समाधान पर पहुंचने के लिए अमेरिकी समकक्षों के साथ अपने जुड़ाव को बढ़ाए।

अमेरिकी बाजार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि अमेरिका भारतीय कपड़ा और परिधान निर्यात के लिए सबसे बड़ा गंतव्य है।मेहरा ने कहा, सरकार बेहतर टैरिफ पहुंच के लिए द्विपक्षीय वार्ता को सक्रिय रूप से आगे बढ़ा रही है, उद्योग सरकार से अंतरिम टेक्सटाइल एक्सपोर्ट प्रोटेक्शन स्कीम शुरू करने पर विचार करने का आग्रह करता है।

## एसआईपी निवेश मार्च में 25,000 करोड़ रुपये से अधिक रहा, एयूएम बढ़कर 65.74 लाख करोड़ रुपये हुआ

नई दिल्ली (आरएनएस)। म्यूचुअल फंड में सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) के जरिए मार्च में 25,926 करोड़ रुपये का निवेश हुआ है। यह जानकारी एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड (एम्फी) की ओर से शुक्रवार को जारी डेटा में दी गई।

बीते महीने एसआईपी के जरिए निवेश में मामूली गिरावट दर्ज की गई है और यह फरवरी में 25,999 करोड़ रुपये था।

एसआईपी में लगातार निवेश आना दिखाता है कि लोग लंबी अवधि के नजरिए शेयर बाजार में अनुशासित तरीके से निवेश कर रहे हैं।

मार्च में इक्विटी म्यूचुअल फंड्स में कुल 25,082 करोड़ रुपये का नेट इनफ्लो दर्ज किया गया है। फरवरी में यह आंकड़ा 29,303 करोड़ रुपये था

बीते महीने स्मॉलकैप फंड्स में 4,092 करोड़ रुपये का इनफ्लो आया है, जो कि फरवरी में 3,722 करोड़ रुपये था। वहीं, मिडकैप फंड्स में 3,438 करोड़ रुपये का इनफ्लो दर्ज किया गया है। फरवरी में यह आंकड़ा 3,407 करोड़ रुपये पर था।

# देश में यूपीआई से भुगतान में 41 प्रतिशत का उछाल, 2024 की दूसरी छमाही में

नई दिल्ली (आरएनएस)। 2024 की दूसरी छमाही (जुलाई-दिसंबर) में भारत में मोबाइल फोन के द्वारा किए जाने वाले भुगतान की ट्रांजेक्शन वॉल्यूम 41 प्रतिशत बढ़कर 88.54 अरब हुई और वैल्यू 30 प्रतिशत बढ़कर 197.69 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गई है। रिपोर्ट में बताया गया कि भारत के डिजिटल पेमेंट इकोसिस्टम में 2024 की दूसरी छमाही में मजबूत बढ़ोतरी दिखाई दी है। इसकी वजह यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई), मोबाइल पेमेंट्स और कार्ड्स के उपयोग में इजाफा होना है।

रिपोर्ट में कहा गया हैं कि डिजिटल पेमेंट्स बुनियादी ढांचे में मजबूत वृद्धि के कारण यह संभव हुआ। यूपीआई क्यूआर (क्विक रिस्पांस) कोड की संख्या दिसंबर 2024 के अंत तक बढ़कर 63.34 करोड़ तक पहुंच गई है, जबकि इस अवधि के दौरान पीओएस टर्मिनल की संख्या 23 प्रतिशत बढ़कर 1 करोड़ हो गई है।

पर्सन-टू-मर्चेंट (पी2एम) लेनदेन की संख्या में तेज बढ़ोतरी हुई है। पी2एम लेनदेन की वॉल्यूम 50 प्रतिशत बढ़कर 58.03 अरब और कुल



वैल्यू 43 प्रतिशत बढ़कर 36.35 लाख करोड़ रुपये हो गई है। 2024 की दूसरी छमाही में कार्ड भुगतान 11 प्रतिशत बढ़कर 4.1 अरब ट्रांजैक्शन पर पहुंच गए, जो मुख्य रूप से क्रेडिट कार्ड के उपयोग में 36 प्रतिशत की वृद्धि के कारण है। क्रेडिट कार्ड से ट्रांजैक्शन की संख्या बढ़कर 2.42 अरब पर पहुंच गई है। डेबिट कार्ड से लेनदेन की संख्या में 29 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है और यह घटकर 0.82 अरब हो गए हैं। प्रीपेड कार्ड से लेनदेन की संख्या 11 प्रतिशत बढ़कर 0.86 अरब हो गई है। समीक्षा अवधि में कुल कार्ड से हुए लेनदेन की वैल्यू 8 प्रतिशत बढ़कर 13.64 लाख करोड़ रुपये हुई है। इसमें से क्रेडिट कार्ड से 10.76 लाख करोड़ रुपये के लेनदेन हुए हैं।इलेक्ट्रॉनिक टोल कलेक्शन (ईटीसी) में जोरदार वृद्धि देखी गई, दिसंबर 2024 तक 10.3 करोड़ टैग जारी किए गए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 26 प्रतिशत अधिक है। ट्रांजैक्शन की संख्या 9 प्रतिशत बढ़कर 2.05 अरब हो गई, जबकि ट्रांजैक्शन का मूल्य 12 प्रतिशत बढ़कर 35,637 करोड़ रुपये हो गया।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## अदालत की आत्मा को लगा झटका

उप्र के इलाहाबाद में बुलडोजर से घर ढहाने को सुप्रीम कोर्ट ने अमानवीय और अवैध करार देते हुए कहा कि इससे अदालत की आत्मा को झटका लगा है। उप्र सरकार को प्रत्येक परिवार को दस लाख रुपये का मुआवजा देने के साथ अधिकारियों को उनकी अत्याचारिता के लिए सबक सिखाने का आदेश दिया। पीठ ने कहा कि इस देश में आश्रय का अधिकार, कानून की उचित प्रक्रिया और कानून का शासन जैसी कोई चीज है।

आवासीय परिसरों को मनमाने तरीके से ध्वस्त करने पर विकास अधिकारियों को यह याद रखने को कहा कि आश्रय का अधिकार मौलिक अधिकार है और संविधान के अनुच्छेद 21(जीवन व स्वतंत्रता) का अभिन्न अंग है। सभी छह याचिकाकर्ता इलाहाबाद के लूकरगंज के निवासी हैं जिनके घर मार्च, 2021 में बुलडोजर से ध्वस्त किए गए थे।

उनका कहना है कि स्थानीय अधिकारियों ने गलत धारणाओं के आधार पर घर गिराया कि वे माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ अहमद की संपत्तियां हैं। शीर्ष अदालत ने अंबेडकरनगर जिले में बुलडोजर कार्रवाई का भी हवाला दिया। झोपड़ियों को ध्वस्त किए जाने पर कहा कि वह बहुत परेशान करने वाला और चौंकाने वाला है। उप्र सरकार के वकील ने दलील दी कि ये मकान अवैध थे इसलिए ध्वस्त किए गए। इनके साथ अन्य संपत्तियां भी ढहाई गई।

हैरत है कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने तोड़-फोड़ की इस कार्रवाई के खिलाफ दायर याचिका खारिज कर दी थी। राज्य सरकार का दावा था कि बुलडोजर कार्रवाई पेशेवर अपराधियों और माफिया के खिलाफ की गई।इस हकीकत के बावजूद सरकारी तंत्र को उचित नोटिस देने के साथ ही रहवासियों को कागजात दिखाने और मालिकाना साबित करने का वक्त देना चाहिए था। रही बात अवैध कब्जों की तो यह राज्य सरकारों का जिम्मा है कि वे निकाय और स्थानीय विकास अधिकारियों को इतने मुस्तैद बनाएं कि वे कब्जा पक्का करने से पूर्व ही हरकत में आएं। भू-माफिया और सरकारी मिली-भगत के बगैर कोई कब्जा संभव नहीं है।

बुलडोजर चलाना समस्या का हल नहीं कहा जा सकता। सरकार को अपनी लापरवाहियों और गैर-जिम्मेदाराना रवैये से सबक लेना चाहिए। इस तरह की कार्रवाइयां बगैर सरकार के इशारे के अधिकारी नहीं कर सकते। इसलिए असली लताड़ तो सरकार को ही लगानी चाहिए। जनता से जीने का अधिकार छीनने का नतीजा भुगतने को उसे भी तैयार रहना होगा।

# बांग्लादेश को माइनस में ले जा रहे हैं यूनुस

**बीपी गौतम**

बांग्लादेश पूरी तरह से राह भटक गया है, इसीलिये वहां प्रदर्शन और हिंसा नहीं रुक पा रही है और न ही नेतृत्व, ऐसे निर्णय ले पा रहा है, जिससे बांग्लादेश शांति की ओर बडे और संप्रभु राष्ट्र बना रहे। बांग्लादेश में अब इस्राइल को लेकर हिंसक प्रदर्शन हो रहे हैं। ढाका और आस-पास के शहरों में कई अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों के आउटलेट भी प्रदर्शनकारियों के निशाने पर आ गये, वहीं मोहम्मद यूनुस भी लगातार गलत निर्णय ले रहे हैं, वे चीन में शी जिनपिंग के सामने पूंछ हिलाते दिखाई दिये और फिर चापलूसी की सभी हदें पार करते हुये भारत की संप्रभुता से खेल गये, इस पर भारत ने कडी प्रतिक्रिया दी है। भारत ने बांग्लादेश की ट्रांसशिपमेंट सुविधा भी बंद कर दी है, इससे पहले बैंकॉक में पिछले सप्ताह बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मोहम्मद यूनुस से गलत बयानबाजी करने से बचने को कहा था, इसी विषय पर चर्चा कर रहे हैं बीपी गौतम...



### बांग्लादेश में इस्राइल को लेकर हो रहे हैं प्रदर्शन

बांग्लादेश में में प्रधानमंत्री शेख हसीना के विरुद्ध प्रदर्शन किया गया, जिससे उन्हें देश छोडना पडा। तख्ता पलट के बाद मोहम्मद यूनुस के हाथों में नेतृत्व चला गया लेकिन, मोहम्मद यूनुस भी असफल साबित हो रहे हैं। अब कट्टरपंथियों द्वारा सोमवार से इस्राइल के विरुद्ध प्रदर्शन किये जा रहे हैं। गाजा में इस्राइली सेना का सैन्य अभियान चला, जिसमें हजारों लोगों की जान जा चुकी है, इसके विरोध में बांग्लादेश में कट्टरपंथी सड़कों पर प्रदर्शन कर रहे हैं, इन प्रदर्शनकारियों द्वारा इस्राइल से जुड़े उत्पादों का बायकॉट करने की भी आवाज उठाई जा रही है, साथ ही तमाम अंतर्राष्ट्रीय ब्रांड्स के आउटलेट्स पर भी हमला किया जा रहा है। बाटा, केएफसी और पिज्जा हट जैसे ब्रांड्स को निशाना बनाया जा रहा है, इन पर इस्राइल से जुडे होने की आशंका में कट्टरपंथियों की भीड़ ने हमला कर दिया। बांग्लादेशी अखबार ढाका ट्रिब्यून के अनुसार प्रदर्शन के दौरान कई जगहों पर भीड़ हिंसक हो उठी। प्रदर्शनकारियों ने कई स्टोर्स में तोड़-फोड़ की और उनके स्टाफ को भी निशाना बनाने की कोशिश की। बोगरा शहर में सैकड़ों की संख्या में छात्रों और स्थानीय लोगों ने प्रदर्शन में हिस्सा लिया और इस्राइल के खिलाफ नारेबाजी की, इस दौरान इस्राइली उत्पादों के बहिष्कार की मांग उठी और देखते ही देखते भीड़ ने बाटा के शोरूम पर धावा बोल दिया। प्रदर्शनकारियों ने इस शोरूम पर पत्थर बरसाये, जिससे शीशे की दीवारें टूट गईं। हालांकि, इससे पहले कि भीड़ शोरूम में घुसकर कर्मचारियों को निशाना बनाती, कुछ कर्मियों ने हिम्मत दिखाकर दरवाजे को अंदर से बंद कर लिया। बोगरा सदर पुलिस स्टेशन के पुलिस अधिकारी एसएम मोइनुद्दीन ने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने पत्थर से शोरूम का शीशा तोड़कर अंदर घुसने की कोशिश जरूर की लेकिन, इस घटना में कोई हता-हत नहीं हुआ। पूर्व में स्थित सिलहट शहर के मीरबॉक्सतुला क्षेत्र में उपद्रवी भीड़ ने केएफसी के आउटलेट में तोड़-फोड़ कर दी, इस दौरान लोगों ने कोल्ड ड्रिंक की बोतलें इस्राइल से मैन्युफैक्चर होने के शक में इन्हें फोड़ना शुरू कर दिया, इसके बाद पुलिस ने इलाके को घेर लिया। हालांकि, प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश सरकार और संयुक्त राष्ट्र से इस्राइल पर कार्रवाई करने और गाजा में युद्ध रोकने की मांग उठाई, इसके बाद आउटलेट को बंद कर दिया गया। चटगांव में भी प्रदर्शनकारियों ने केएफसी और पिज्जा हट के आउटलेट पर हमला कर दिया, यहां लोगों ने दुकानों पर पत्थरबाजी की और जूते तक फेंके, इनकी शीशे की दीवारों को भारी नुकसान हुआ।

भीड़ को रोकने के लिये चटगांव मेट्रोपोलिटन पुलिस की दो यूनिट्स को भेजा गया। पंचलैश क्षेत्र के पुलिस प्रभारी मोहम्मद सुलेमान ने बताया कि हम मामले की जांच कर रहे हैं, स्थिति अब शांत है। भीड़ को शाम को ही इलाके से हटा दिया गया था। प्रदर्शन कॉक्स बाजार तक में उग्र हो गये, यहां कालाताली में बड़ी संख्या में लोगों ने जुटकर केएफसी और पिज्जा हट के साइनबोर्ड पर पत्थर बरसाये। एक अंतर्राष्ट्रीय मीडिया ग्रुप से बातचीत में कॉक्स बाजार पुलिस स्टेशन के अधिकारी इलियास खान ने बताया कि भीड़ ने रेस्तरां के अंदर घुसकर तोड़-फोड़ नहीं की, वे लोग सिर्फ बाहर रहकर इनके बैनर पर पत्थरबाजी करते रहे। हालांकि, प्रत्यक्षदर्शियों ने दावा किया कि कुछ लोगों ने आस-पास की दुकानों को निशाना बनाया।

### मोहम्मद यूनुस पर विपक्ष ने दबाव बनाया

इस्राइल-हमास संघर्ष के बीच बांग्लादेश में अचानक उग्र हुए प्रदर्शनों ने राजनीतिक तनाव को भी जन्म दे दिया है। हालांकि दावा किया जा रहा है कि पुलिस इस मामले में उपद्रवियों की पहचान के लिये सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। हमले के जिम्मेदारों को पकड़ने के लिये पुलिस ने सोमवार से ही छापेमारी जारी रखी है लेकिन, मोहम्मद यूनुस भी इससे पहले कई मौकों पर फलस्तीन के लिये आवाज उठाते रहे हैं, कुछ समय पहले ही उन्होंने इस्राइल की आलोचना करते हुये, उसे गाजा में आम लोगों, महिलाओं और बच्चों के पीड़ित होने के लिये जिम्मेदार ठहराया था, इसका जिक्र उन्होंने संयुक्त राष्ट्र महासभा के भाषण में भी किया था, अब आवामी लीग ने कहा है कि डॉ. यूनुस को अपना पद छोड़ना चाहिये, ताकि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराये जा सकें। वैश्विक समुदाय को अभी कार्रवाई करनी होगी। ऐसा न करना सिर्फ बांग्लादेश के लिये ही नहीं बल्कि, पूरे क्षेत्र और वैश्विक स्थिरता के लिये घातक होगा।

### चीन की चापलूसी में हद पार गये यूनुस

चीन में शी जिनपिंग के सामने बांग्लादेश के मोहम्मद यूनुस जमकर पूंछ हिलाते दिखे थे। बांग्लादेश के अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस ने भारत के इस संप्रभू क्षेत्र को चीनी अर्थव्यवस्था का विस्तार कहा था और उसे वह बीजिंग से अपने कब्जे में लेने का आग्रह करते दिखे थे, साथ ही बांग्लादेश ने चीन को तीस्ता जल प्रबंधन परियोजना का हिस्सा बनने के लिये भी आमंत्रित किया है। यूनुस की चीन यात्रा के दौरान ढाका ने कहा था कि इस मुद्दे पर बीजिंग के साथ बातचीत आगे बढ़ी है। मोहम्मद यूनुस ने चीन यात्रा के दौरान भारत के पूर्वोत्तर राज्यों को लेकर विवादित बयान दिया था। बीजिंग में उन्होंने कहा कि भारत के सात पूर्वोत्तर राज्य (सेवन सिस्टर्स) समुद्र से कटे हुये हैं और बांग्लादेश इस क्षेत्र के लिये समुद्र का संरक्षक है। उन्होंने चीन को न्योता दिया कि वह बांग्लादेश को अपने आर्थिक विस्तार का हिस्सा बनाये, ताकि इन राज्यों तक समुद्री पहुंच के जरिये चीनी अर्थव्यवस्था का लाभ उठाया जा सके।

### एस. जयशंकर ने दिया करारा जवाब

थाईलैंड में छटे बिस्मटेक शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुये एस. जयशंकर ने कहा कि हमारे पास बंगाल की खाड़ी में लगभग 6500 किलोमीटर की सबसे लंबी तटरेखा है, हमारा उत्तर-पूर्वी क्षेत्र सड़कों, रेलवे, जलमार्ग, ग्रिड और पाइपलाइनों के असंख्य नेटवर्क के साथ बिम्सटेक के लिये एक कनेक्टिविटी केंद्र के रूप में उभर रहा है, इसके अलावा त्रिपक्षीय राजमार्ग का पूरा होना भारत के उत्तर पूर्व को प्रशांत महासागर तक जोड़ देगा, जो एक वास्तविक गेम-चेंजर है, हम इस बात के प्रति सचेत हैं कि इस बड़े भूगोल में वस्तुओं, सेवाओं और लोगों के सुचारू प्रवाह के लिए हमारा सहयोग और सुविधा एक आवश्यक शर्त है, इस भू-रणनीतिक कारक को ध्यान में रखते हुये हमने पिछले दशक में बिम्सटेक को मजबूत करने के लिये बढ़ती ऊर्जा और ध्यान समर्पित किया है। विदेश मंत्री ने कहा कि भारत का मानना है कि सहयोग एक एकीकृत दृष्टिकोण है, न कि किसी एक को चुनने का विषय।




# कभी था नक्सलगढ़, अब बन रहा विकास का गढ़

नसीम अहमद खान

छत्तीसगढ़ के दक्षिणी सीमावर्ती इलाके जिनकी पहचान कभी नक्सलियों के गढ़ के रूप में हुआ करती थी, अब वह तेजी से विकास के गढ़ के रूप में अपनी पहचान बना रहे हैं। बस्तर के कैनवास पर अब एक नई तस्वीर उभर कर सामने आ रही है। यह राज्य के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के दूरदर्शी नेतृत्व और दृढ़-संकल्प के चलते संभव हो पाया है राज्य के घोर नक्सल प्रभावित जिलों में विकास की नई रेखाएं खींच रही हैं। कभी पिछड़ेपन और भय का पर्याय माने जाने बस्तर क्षेत्र में आज विकास की नई इबारतें लिखी जा रही हैं। विष्णु देव सरकार की जनहितैषी नीति, नक्सलवाद उन्मूलन अभियान और समग्र विकास ने इन क्षेत्रों में सकारात्मक और परिणाममूलक परिवर्तन की शुरुआत कर दी है।

राज्य के सात घोर नक्सल प्रभावित जिलों में से छह जिले कांकेर, बस्तर, बीजापुर, सुकमा, दंतेवाड़ा और नारायणपुर बस्तर संभाग के अंतर्गत आते हैं तथा एक जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी दुर्ग संभाग का हिस्सा है। इन जिलों में पिछले 15 महीनों में नक्सल उन्मूलन अभियान और विकास की रणनीति को समानांतर रूप से लागू करते हुए, छत्तीसगढ़ सरकार ने नक्सलियों के पैर उखाड़ने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है।

मुख्यमंत्री की जनकल्याणकारी नीतियों और योजनाओं की बदौलत अब आमजनता तेजी से विकास मुख्यधारा से जुड़ रही है। शासन-प्रशासन की सक्रियता, जनसंपर्क और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से अब इन क्षेत्रों में विश्वास और उम्मीद की नई किरण दिखाई दे रही है। इन जिलों में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं बड़ी तेजी से उपलब्ध कराई गई हैं। योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक सुनिश्चित पहुंचाने का प्रयास भी लगातार जारी है।

मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम जनमन, आयुष्मान भारत, पीएम किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला योजना, आधार कार्ड और राशन कार्ड जैसी योजनाओं से न केवल इन क्षेत्रों में सरकारी उपस्थिति मजबूत हुई है, बल्कि सामाजिक और आर्थिक स्तर पर भी आमजन का सशक्तिकरण हुआ है। मनरेगा के तहत 29,000 नए जॉब कार्ड जारी हुए हैं, जिनमें 5,000 कार्ड ''नियद नेल्ला नार'' योजना में शामिल गांवों में बने हैं।

प्रधानमंत्री आवास योजना में सातों जिलों में लगभग एक लाख आवास स्वीकृत हुए हैं, जो लक्ष्य का 107 प्रतिशत है। 15 महीनों में नियद नेल्ला नार के गांवों में 1100 आवास स्वीकृत हुए, जिसमें 300 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। आयुष्मान कार्ड के लाभार्थियों की संख्या 19.24 लाख से बढ़कर 21.05 लाख हो गई है। पीएम किसान सम्मान निधि योजना से लाभान्वितों की संख्या में 20.12 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों की संख्या 3.61 लाख से अधिक हो चुकी है।छत्तीसगढ़ सरकार की पहल से नक्सल प्रभावित जिलों में 46 नए सुरक्षा कैंप स्थापित किए गए हैं, जिनके दायरे में आने वाले 145 गांवों में 'नियद नेल्ला नार' योजना चलाई जा रही है। इन गांवों में विशेष शिविर लगाकर लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है। नियद नेल्ला नार योजना के 124 गांव सड़क मार्ग से जुड़ चुके हैं, शेष 31 पर कार्य प्रगति पर है। 145 गांवों में मार्च 2024 तक 122 स्कूल क्रियाशील थे, जो अब बढ़कर 144 हो गए हैं। विद्यार्थियों की संख्या में 20 प्रतिशत वृद्धि हुई है। क्रियाशील आंगनबाड़ी केंद्रों की संख्या 193 से बढ़कर 202 हो गई है, और पंजीकृत बच्चों की संख्या में 30 प्रतिशत का इज़ाफा हुआ है। विशेष केंद्रीय सहायता योजना के अंतर्गत बस्तर, बीजापुर, दंतेवाड़ा, सुकमा, नारायणपुर, कांकेर, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में 1302 कार्य योजनाएं स्वीकृत की गई हैं, जिनमें से 308 कार्य पूर्ण हो चुके हैं और 999 कार्य प्रगति पर हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 220 करोड़ रुपये की राशि आबंटित की गई थी, जिसमें से 200 करोड़ रुपये प्राप्त कर लिए गए और शत-प्रतिशत् राशि का व्यय करते हुए आधारभूत संरचना, सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा और कृषि संबंधी कार्य किए गए हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में इस समूचे बदलाव का केन्द्र बिन्दु प्रदेश सरकार की संवेदनशीलता, दूरदृष्टि और जनकेंद्रित दृष्टिकोण है। छत्तीसगढ़ आज नक्सलवाद के विरुद्ध निर्णायक लड़ाई जीतते हुए विकास के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।




मेष राशि : आज आपका दिन उत्तम रहेगा। कुछ लोग आपको कंफ्यूज करने की कोशिश करेंगे। दूसरों की बातों में न आकर अपने निर्णय को ही सर्वोपरि रखेंगे, इससे आपके कार्य बड़ी ही आसानी से पूरे होंगे। ऑफिस में अपने काम पर ध्यान देने से आप सम्मान के पात्र बने रहेंगे। इस राशि के जो लोग मार्केटिंग से जुड़े हैं उनको आज ज्यादा लाभ के योग बन रहे हैं।

वृष राशि : आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आप अपने काम पर पूरा फोकस बनाये रखें जल्द ही आपको भविष्य में अच्छा लाभ मिलेगा। आज अपने बिजी शेड्यूल से थोड़ा समय अपने बच्चों के लिए निकालेंगे, बच्चे अपने मन की बात आपसे शेयर करेंगे। लवमेट एक दूसरे के प्रति विश्वास बनाये रखे, रिश्ते में मजबूती बनी रहेगी।

मिथुन राशि : आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज अपनी बातों से लोगों को प्रभावित करने में सक्षम होंगे। आपके द्वारा समाज में किये गये सराहनीय काम को देखकर लोग आपसे कुछ अच्छा सीखेंगे, यह देखकर आपको गर्व महसूस होगा। इस राशि के जो लोग शिक्षण संस्थान से जुड़े हैं उनके लिए आज ज्यादा लाभ के योग बन रहे हैं।

कर्क राशि : आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहेगा। आपका काम जो आप काफी दिनों से कर रहे थे वह आज पूरा हो जाएगा। साथ ही आप काम करने के नए तरीकों पर विचार करेंगे। आज विद्यार्थियों द्वारा काफी दिनों से की गयी मेहनत का शुभ परिणाम मिलेगा। आज जल्दबाजी में निर्णय न लें इससे बना बनाया काम बिगड़ भी सकता है, आप अपने मित्रों की सलाह भी ले सकते हैं। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

सिंह राशि : आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज मानव हित में किये गये सराहनीय कामों के कारण आपको सम्मान मिलेगा। गैर-जरूरी खर्चो पर रोक लगाकर आप बचत करने के बारे में विचार करेंगे। व्यावसायिक गतिविधियां मन मुताबिक तरीके से चलती रहेंगी। अपने काम करने के तरीकों में बदलाव लाएंगे, आत्म विश्वास बनाए रखें। काम से संबंधित अवसर प्राप्त होने के बाद भी उसका फायदा न उठाने की वजह से थोड़ी उलझन में रहेंगे। आज काम पर ध्यान बनाए रखें।

कन्या राशि : आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। इस राशि के जो लोग सरकारी नौकरी कर रहे हैं वे लोग अपने काम पर ज्यादा ध्यान दें। आज आप किसी के भी मामले में उलझने से बचे। पब्लिक प्लेस पर अपनी छवि खराब न होने दें। लवमेट के रिश्ते में मधुरता बनी रहेगी। आज आपको अपने सेहत का खास ख्याल रखने की जरूरत है।

तुला राशि : आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आज आपके काम करने के तरीके से लोग प्रभावित होंगे, लोग आपका अनुसरण करेंगे। आज आप अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाने में सक्षम होंगे। आज किसी से बात करते समय अपनी पर्सनल बातें शेयर न करें। आज आप जिस काम की शुरुआत करेंगे वह आपकी बनाई गयी रूपरेखा के अनुसार समय से पूरा हो जाएगा। अगर आपका कोर्ट से संबंधित मामला चल रहा है तो उसके सुलझने की पूरी उम्मीद है।

वृश्चिक राशि : आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज मित्रों से अपने मन की बात शेयर करने से आपके मन को सुकून मिलेगा। इसके साथ ही आपको नई-नई जानकारियां भी हासिल होंगी। आपको किसी रिश्तेदार से शुभ संदेश मिल सकता है इससे आपकी ख़ुशी दोगुनी हो जाएगी।

धनु राशि : आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आप अपने निजी कामों पर बाहरी लोगों का दखल न होने दें। आप कोई भी फैसला भावात्मक बातों में आकर न करके गलत फैसलों से बच जायेंगे। आज ज्यादा काम के कारण आपको थकान हो सकती है आपनी छोटो-छोटी परेशानियों का निवारण जल्द ही आप कर लेंगे। घर परिवार में सुखद माहौल रहेगा।

मकर राशि : आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज आप शाम के समय अपने माता-पिता के साथ किसी महत्वपूर्ण टॉपिक पर विचार विमर्श करेंगे, आपको अच्छा समाधान मिल सकता है। अगर आप किसी काम की शुरुआत करने का विचार कर रहे हैं तो पहले शुभ मुहूर्त देखना अच्छा रहेगा। आपके द्वारा समाज में किये कामों से आपका मान सम्मान बढ़ेगा। आज विशेष इच्छा पूरी होने से आपको खुशी मिलेगी।

कुंभ राशि : आज का दिन आपके लिए विशेष रहने वाला है। आज आपको किसी अनुभवी से मिली सलाह फायदेमंद साबित होगी। आपने, अपने काम को लेकर जो भी सपने संजोये थे वह आज काफी हद तक पूरे हो जाएंगे। आज स्वयं को साबित करने के लिए बेहतर दिन है। आज घर में सदस्यों के बीच सामंजस्य होने से शांति का माहौल बना रहेगा। आज थोड़ा समय प्रकृति के सानिध्य में बिताने से आपको फ्रेशनेस महसूस होगी।

मीन राशि : आज का समय आपके लिए अच्छा है। आज आपकी पारिवारिक समस्या हल होगी और आपके रुके काम में गति आएगी। आज सकारात्मक प्रवृति के लोगों की सलाह आपके लिए फायदेमंद रहेगी। आपकी मेहनत का उचित फल आपको जल्द ही मिलने वाला है। आज आप अफवाहों पर ध्यान न दें अपने काम को बेहतर तरीके से करते रहें।

# बेजुबानों की सेवा ईश्वर की सेवा है

**विवेक रंजन श्रीवास्तव**

पशु-पक्षी हमारे पर्यावरण के अभिन्न अंग हैं। वे न केवल प्राकृतिक सौंदर्य को बढ़ाते हैं, बल्कि पारिस्थितिकी तंत्र को संतुलित बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ये बेजुबान जीव मानवता के नैसर्गिक मित्र हैं। पुरातन समय से मानव सुरक्षा तथा प्रेम के लिए ही नहीं आहार के लिए भी पशुओं के संग सहअस्तित्व में रहा है।

गर्मी का मौसम केवल मनुष्यों के लिए ही नहीं, बल्कि पशु-पक्षियों के लिए भी चुनौतीपूर्ण होता है। अत्यधिक तापमान, जल की कमी और भोजन की अनुपलब्धता के कारण वे पीड़ित होते हैं। चूंकि पशु पक्षी अपनी पीड़ा को शब्दों में नहीं व्यक्त कर सकते, इसलिए यह मानवीय जिम्मेदारी है कि हम मौसम के अनुसार पालतू पशु पक्षियों की ही नहीं वरन यथा वांछित सभी प्राणियों की सहायता अपने अपने परिवेश में अवश्य करें।गर्मी में जल जीवनदायी बन जाता है। पशु-पक्षी भी प्यास से व्याकुल होते हैं। हमें अपने घर की छत, बालकनी, बगीचे या सार्वजनिक स्थलों पर पानी के बर्तन रखकर उनकी प्यास बुझाने का प्रयास करना चाहिए। पक्षियों के लिए ऊँचाई पर जलपात्र रखना अधिक सुरक्षित होता है। पानी को प्रतिदिन बदलना चाहिए ताकि वह ताज़ा और साफ बना रहे।तेज धूप और लू से पशु-पक्षी भी थक जाते हैं। उन्हें आराम के लिए छायादार स्थान की आवश्यकता होती है। यदि हमारे पास पालतू पशु हैं, तो उन्हें छाया और हवादार स्थान पर रखें। पक्षियों के लिए पेड़-पौधे लगाना उपयोगी होता है। इससे न केवल उन्हें विश्राम का स्थान मिलता है, बल्कि घोंसला बनाने के लिए भी सहारा मिलता है।

गर्मी के मौसम में पशु पक्षियों को दाना पानी सहजता से नहीं मिलता अत: पक्षियों के लिए दाना, चावल, फल या रोटी के टुकड़े दिए जा सकते हैं। पालतू पशुओं को समय-समय पर पानी से नहलाना चाहिए या उनके शरीर पर पानी छिड़कना चाहिए, ताकि वे ठंडक महसूस करें। कुछ पक्षी जैसे गौरैया, कबूतर आदि नहाना पसंद करते हैं। उनके लिए ऐसे जलपात्र रखने चाहिए जिसमें वे स्नान कर सकें।

गर्मी के मौसम में बीमारियों का खतरा अधिक रहता है। पशुओं के रहने के स्थान को स्वच्छ और कीटाणुरहित रखना जरूरी होता है। यदि कोई पशु सुस्त हो जाए या भोजन न करे, तो तुरंत पशु चिकित्सक की सलाह लेनी चाहिए।सड़क पर घूमते आवारा पशु और पक्षी भी गर्मी से पीड़ित होते हैं। उनके लिए भी पानी और छाया की व्यवस्था करना , पशु पक्षियों को संरक्षण के लिए जागरूकता मानवता फैलाना , नई पीढ़ी तक परस्पर निर्भरता का पाठ पढ़ना भी जरूरी कार्य है। पशु-पक्षियों के प्रति संवेदना का व्यवहार एक सभ्य समाज का परिचायक होता है।

## आतंकवाद टेक्नालॉजी की सहायता से ज्यादा खतरनाक

वैसे तो उग्रवाद, आतंकवाद और अतिवाद हमेशा से आंतंकवाद टेक्नालॉजी की सहायता से ज्यादा खरनाक। अंतरराष्ट्रीय शांति के लिए खतरा बने हुए हैं। पहले यह आतंकवादी हाथों में बंदूक, ग्रेनेटो, रॉकेट लांचर लेकर विभिन्न देशों में तोड़फोड़ आगजनी और हत्या की घटनाएं किया करते थे। अब समय के परिवर्तन के साथ साथ आतंकवाद में अब इंटरनेट, मीडिया, सोशल मीडिया ने अपने पैर फैलाना शुरू किए हैं। आतंकवाद के नेटवर्क के लिए इंटरनेट तथा हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर का आसानी से उपयोग करने लगे हैं। अमेरिका में जो ट्विन टावर और पेंटागन में हमले हुए थे, उसमें आधुनिकतम टेक्नोलॉजी का उपयोग कर लक्ष्य भेदी विमानों को को भेजा गया था और एक बड़ी विध्वंसकारी घटना को अंजाम दिया गया था। समय और तकनीकी शिक्षा के बढ़ने के साथ-साथ अब उग्रवादी तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर बड़े इंजीनियर तथा सॉफ्टवेयर इंजीनियर इस मैदान में आतंकवादियों के साथ टूट पड़े हैं। यह टेक्नोक्रेट स्लीपर सेल्स बड़े ही खतरनाक ढंग से सोशल मीडिया और इंटरनेट का इस्तेमाल कर जनता को दिग्भ्रमित कर झूठी अफवाहें फैलाकर कई देशों के सूचना तंत्र में सेंध लगाकर वहां की सूचनाएं प्राप्त कर अपने उग्रवादी साथियों को भेज कर खुफिया सूचनाएं भेजते हैं। आतंकवादी गतिविधियों के लिए यह सूचनाएं अत्यंत महत्वपूर्ण होती हैं। और देशों की शांति के लिए बहुत बड़ा खतरा भी होती हैं। भारत के परिपेक्ष में भारत में बाहर के टेक्निकल शिक्षा प्राप्त किए आतंकवादी जिन्हे व्हाइट कॉलर आतंकवादी भी कहा जाता है। खुफिया तंत्र के हिसाब से यह तकनीकी स्लीपर सेल्स शांति के लिए अन्य आतंकवादियों से ज्यादा खतरनाक होते हैं। क्योंकि इनकी पहचान नहीं हो पाती है। ये छुपे हुए होते हैं। इनका पता लगाना अन्य आतंकवादियों से ज्यादा कठिन होता है और केवल तकनीकी जानकारी के आधार पर ही संभव हो पाता है। यह टेक्नोक्रेट स्लीपर सेल्स इसलिए भी ज्यादा विनाशकारी होते हैं, क्योंकि यह दूर ठिकानों में बैठकर मीडिया, सोशल मीडिया, इंटरनेट के जरिए युवाओं को उकसा कर, भड़का कर सांप्रदायिक दंगे कराने में सफल हो जाते हैं। या सोशल मीडिया में झूठी तथा गलत खबरों के जरिए युवाओं को प्रभावित कर सकते हैं। निसंदेह ये अज्ञात होते हैं। लेकिन समूची युवा पीढ़ी को मानसिक रूप से प्रभावित कर उनके विकास की दिशा बदल सकते हैं। ऐसे में सारी खुफिया एजेंसियां हाथ पर हाथ धरे बैठ रह जाती हैं। भारत के परिपेक्ष्य में जम्मू कश्मीर, मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, टेक्नोक्रेट स्लीपर सेल्स के लिए एक सॉफ्ट टारगेट होते हैं। यह अपनी तकनीकी ज्ञान के चलते सोशल मीडिया में नाम बदलकर, रूप बदलकर, युवाओं को आम जनता को गलत जानकारी देकर दिग्भ्रमित करते रहते हैं, एवं दंगे भड़काने का काम भी करते हैं। मूलत: ये टेक्नोक्रेट स्लीपर सेल्स सफेदपोश होते हैं। एवं आम लोगों के बीच घुल मिल जाते हैं। ऐसे में इनका पता लगाना इन्हें खोजना अत्यंत कठिन हो जाता है। यह टेक्नोक्रेट स्लीपर सेल्स देश के सामरिक महत्व की जानकारी अपने उग्रवादी संगठनों को प्रदान करते हैं। इन जानकारियों का आतंकवादी संगठन उग्रवाद के लिए बेहद खतरनाक ढंग से किसी भी देश के खिलाफ कर सकते हैं। भारतीय संदर्भ में यदि जम्मू कश्मीर को लिया जाए तो अब वहां आतंकवादियों ने अपना युद्ध का तरीका बदल दिया है। युद्ध का मैदान नया है, जहां पारंपरिक अथवा हथियारों, सकरी गलियों और जंगली युद्ध के मैदानों के स्थान पर कंप्यूटर, सॉफ्टवेयर, हार्डवेयर और स्मार्टफोन ने ले लिया है। जिसके फलस्वरूप यह टेक्नोक्रेट स्लीपर सेल अपने अपने घरों में बैठकर सड़कों, मैदानों तथा जंगल में युद्ध छेड़ सकते हैं। अपने सूचना तंत्र तथा तकनीकी ज्ञान तथा उपकरणों के दम पर युवाओं तथा आम जनता के मध्य झूठी खबर फैलाकर आतंकवादियों एवं अलगाववादियों संगठनों की मंशा के अनुरूप तोड़ मरोड़ कर परिस्थितियां तैयार कर युवाओं को देश के खिलाफ भड़का कर असामाजिक स्थिति पैदा कर देते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस की गिरफ्त में कन्हैया कुमार, सीएम आवास घेरने जा रहे थे कांग्रेसी वर्कर

पटना (आरएनएस)। कन्हैया कुमार की पदयात्रा में शुक्रवार को हंगामा हो गया। बिहार में पलायन और बेरोजगारी के मुद्दे पर पदयात्रा निकालने के दौरान NSUI के राष्ट्रीय प्रभारी कन्हैया कुमार समेत कांग्रेस के कई कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। ये लोग सीएम आवास घेरने जा रहे थे। इस दौरान पटना पुलिस ने वाटर कैनन चलाकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को रास्ते में ही रोक दिया। सीएम आवास का घेराव करने निकले कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पहले समझाया बुझाया गया, जब कांग्रेस कार्यकर्ता मुख्यमंत्री आवास जाने का जिद करने लगे तो पुलिस ने वाटर कैनन का प्रयोग कर उन्हें रोकने का काम किया। इस दौरान पटना की सड़कों पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं का भारी प्रदर्शन देखने को मिला। कन्हैया कुमार आज सदाकत आश्रम से निकलने के बाद अपनी यात्रा के दौरान सीएम हाउस तक जाने वाले थे, लेकिन इससे पहले ही पुलिस ने उनको रोक दिया।

### सीएम योगी ने पीएम मोदी का जताया आभार, बोले 11 साल में काफी बदली काशी

वाराणसी (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि 11 साल में काशी काफी बदली है। मुख्यमंत्री योगी ने वाराणसी में शुक्रवार को एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि महाकुंभ के दौरान वाराणसी में हरियाणा, महाराष्ट्र और दिल्ली के ऐतिहासिक विजय और दिव्य भव्य कुंभ के आयोजन के उपरांत पीएम की यह काशी यात्रा है। उन्होंने कहा कि कुंभ के आयोजन में काशी भी इसका साक्षी बना। देश और दुनिया से आने वाला श्रद्धालु पिछले 11 वर्ष में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में इस नई काशी और बाबा विश्वनाथ की धरा को नए कलेवर के रूप में देखने को उतावला दिखाई दे रहा था। 45 दिनों के आयोजन के इस अवसर पर काशी में भी एक श्रद्धालुओं और बाबा के भक्तों का दृश्य दिखाई दे रहा था। इस दौरान तीन करोड़ से अधिक श्रद्धालु यहां आकर बाबा विश्वनाथ के पावन धाम में दर्शन करके पुण्य के भागीदार बने थे। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के मार्गदर्शन और नेतृत्व में काशी एक नई ऊंचाई को छूता दिखाई दिया है। स्वच्छता के प्रति पीएम द्वारा जो पहले दिन से दी गई गाइडलाइन थी, सुरक्षा के प्रति सतर्कता के बारे में पीएम के निर्देशों का पालन करके और नमामि गंगे परियोजना के बाद वह हर श्रद्धालु जिसने मां गंगा, यमुना और सरस्वती की त्रिवेणी में डुबकी लगाई, अपने आपको अभिभूत पा रहा था। नमामि गंगे परियोजना की सफलता के कारण महाकुंभ आज सफल हुआ है। इसके लिए हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि काशी ने पिछले 11 वर्षों में अपने को बदलते हुए देखा है। यह वही काशी है जो अपनी संकरी गलियों के लिए जानी जाती थी, अपने जाम के लिए जानी जाती थी। काशी शिक्षा का सबसे प्राचीन केंद्र थी, लेकिन यह पहले बहुत अस्त-व्यस्त थी। अब स्वास्थ्य, शिक्षा और कनेक्टिविटी के रूप में कनेक्टिविटी बढ़ी है।

### दिल्ली के पश्चिम विहार में प्रॉपर्टी डीलर की गोली मारकर हत्या, 10 राउंड फायरिंग से दहशत का माहौल

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली के पश्चिम विहार इलाके में शुक्रवार सुबह एक प्रॉपर्टी डीलर की अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान राजकुमार दलाल के रूप में हुई है, जो फॉर्च्यूनर कार से जिम जा रहे थे। हमलावरों ने करीब 8 से 10 राउंड फायरिंग की, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल अवस्था में राजकुमार को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटनास्थल से पुलिस को कई खोखे बरामद हुए हैं। परिजनों का कहना है कि राजकुमार की किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी और वह प्रतिदिन की तरह सुबह जिम जाने के लिए निकले थे। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है और हमलावरों की पहचान व हत्या के पीछे के कारणों की जांच की जा रही है। इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाले जा रहे हैं फिलहाल पूरे मामले में पुलिस सभी पहलुओं से जांच कर रही है, जबकि स्थानीय लोग दहशत में हैं।

### बिहार में आंधी-बारिश और बिजली गिरने से गई 80 लोगों की जान

पटना ,(आरएनएस)। बिहार में आई आंधी-बारिश और आकाशीय बिजली गिरने के कारण विभिन्न जिलों में अब तक 80 लोगों की जान चली गई है। इसके अलावा, फसलों को भी भारी नुकसान पहुंचा है। बिहार सरकार में आपदा प्रबंधन मंत्री विजय कुमार मंडल ने शुक्रवार को मामले की जानकारी देते हुए आईएएनएस को बताया कि जिन लोगों की जान गई है, हम उनके परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं। पिछले 48 घंटे में आंधी-बारिश और बिजली गिरने से 80 लोगों की मौत हुई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुआवजे का भी ऐलान किया है, सभी मृतकों को चार-चार लाख रुपये का मुआवजा दिया जाएगा। इसके अलावा, जिन किसानों की फसलों को नुकसान हुआ है, सरकार की तरफ से उनकी मदद की जाएगी। दरअसल, बिहार के कई जिलों में मौसम में अचानक आए बदलाव ने कहर बरपाया है। कई लोगों की मौत के साथ-साथ फसलों और संपत्ति को भी भारी नुकसान पहुंचा है। भयंकर तूफान, ओलावृष्टि और बिजली गिरने से आई इस आपदा ने जीवन और आजीविका दोनों को प्रभावित किया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए मृतकों के आश्रितों को तत्काल चार-चार लाख रुपए की अनुग्रह राशि देने का निर्देश दिया है।

# हर कदम पर बहुजन इतिहास मिटाना चाहते हैं भाजपा व आरएसएस : राहुल गांधी



नई दिल्ली (ए.)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने एक फिल्म से जुड़े विवाद का हवाला देते हुए शुक्रवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) हर कदम पर दलित और बहुजन इतिहास को मिटाना चाहते हैं। महात्मा ज्योतिबा फुले और सावित्री बाई फुले के जीवन पर आधारित फिल्म 'फुले' इन दिनों सुर्खियों में है। फिल्म में अभिनेता प्रतीक गांधी ने महात्मा फुले की और अभिनेत्री पत्रलेखा ने सावित्रीबाई फुले की भूमिका निभायी है। राहुल गांधी ने महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''भाजपा-आरएसएस के नेता एक तरफ फुले जी को दिखावटी नमन करते हैं और दूसरी तरफ उनके जीवन पर बनी फिल्म को सेंसर कर रहे। महात्मा फुले और सावित्रीबाई फुले जी ने जातिवाद के खिलाफ लड़ाई में पूरा जीवन समर्पित कर दिया, मगर सरकार उस संघर्ष और उसके ऐतिहासिक तथ्यों को पर्दे पर नहीं आने देना चाहती। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा और आरएसएस हर कदम पर दलित-बहुजन इतिहास मिटाना चाहते हैं, ताकि जातीय भेदभाव और अन्याय की असली सच्चाई सामने नहीं आ सके।

### केंद्र सरकार बताए कि क्या बंगाल में मनरेगा योजना आगे क्रियान्वित की जा सकती है : अदालत

कोलकाता (ए.)। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को केंद्र सरकार को यह बताने का निर्देश दिया कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) योजना को चार जिलों को छोड़कर पश्चिम बंगाल में आगे क्यों नहीं क्रियान्वित किया जाना चाहिए। योजना के तहत लाभार्थियों को पहले से पूर्ण किए गए कार्य के लिए भुगतान किए जाने के अनुरोध वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए अदालत ने कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी (एनआरईजी) अधिनियम शिकायतों के कारण योजना के कार्यान्वयन को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने की अनुमति नहीं देता है।




केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी ने छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले के गेवरा व्यू पॉइंट पर एसईसीएल श्रमिकों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया।

### गुरुग्राम में वर्दी की आड़ में वसूली : चाय-पराठे वाले से मंथली वसूलते चार पुलिसकर्मी गिरफ्तार

गुरुग्राम (आरएनएस)। गुरुग्राम से एक ऐसी खबर आई है, जिसे लेकर कानून पर सवाल उठ रहे हैं। वर्दी पहनकर नागरिकों की सुरक्षा का जिम्मा संभालने वाले चार पुलिसकर्मी खुद ही पैसे मांगते पाए गए। हैरानी की बात यह है कि ये पुलिसकर्मी एक गरीब परिवार से ताल्लुक रखने वाले चाय-परांठे वाले से हर महीने वसूली करते थे। और वो भी उनकी रिपोर्टिंग करते हुए। रिपोर्ट के मुताबिक, गुरुग्राम में चाय-परांठे की छोटी सी दुकान चलाने वाले एक शख्स को लंबे समय से हर महीने वसूली के लिए परेशान किया जा रहा था। उसे धमकी दी जा रही थी कि अगर उसने हर महीने वसूली नहीं की, तो उसकी दुकान बंद कर दी जाएगी। यह वसूली एक एएसआई, एक कांस्टेबल, एक ईएचसी और एक एसपीओ की मिलीभगत से की जा रही थी।आखिरकार, इन सबसे तंग आकर विक्रेता ने सीसीटीवी कैमरा लगाया और सबूत जुटाए। वीडियो में साफ दिख रहा था कि पुलिसकर्मी उससे कैसे पैसे वसूल रहे थे। गुरुग्राम पुलिस के पास जब यह सबूत पहुंचा तो पूरे महकमे में हड़कंप मच गया। मामला सामने आते ही गुरुग्राम पुलिस कमिश्नर ने तुरंत कार्रवाई की। चारों पुलिसकर्मियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने के बाद सलाखों के पीछे डाल दिया गया। उन्हें महकमे से निलंबित भी कर दिया गया है।

# पिछड़ी जातियों को अपमान से बचाने के लिए कानून लाएंगे : चंद्रबाबू नायडू

हैदराबाद (ए.)। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने शुक्रवार को वादा किया कि तेदेपा के नेतृत्व वाली राजग सरकार पिछड़े वर्गों को अपमान से बचाने के लिए एससी/एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम की तर्ज पर पिछड़ा वर्ग (बीसी) संरक्षण अधिनियम लागू करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि भेदभाव अब भी मौजूद है और बीसी संरक्षण अधिनियम जैसे कानून की आवश्यकता है। नायडू ने एलुरु जिले के वडलमनु में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, ''भेदभाव है। इसीलिए एससी/एसटी अत्याचार अधिनियम है और आने वाले दिनों में पिछड़े वर्गों को अपमान से बचाने के लिए यह सरकार बीसी संरक्षण अधिनियम लाने की जिम्मेदारी लेगी। मुख्यमंत्री के मुताबिक, तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के सत्ता में आने तक पिछड़े वर्गों के लिए कोई न्याय नहीं था। उन्होंने कहा कि तेदेपा ही एकमात्र पार्टी है, जो पिछड़े वर्गों के साथ न्याय कर रही है। नायडू ने पिछड़ी जातियों को तेदेपा का आधार बताते हुए कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार इन समुदायों को अन्य समुदायों के उत्थान का प्रयास करेगी। इस बीच, तेदेपा प्रमुख ने कहा कि सोशल मीडिया अपराधियों की शरणस्थली बन गयी है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर कोई सोशल मीडिया की आड़ में चरित्र हनन में संलिप्त होगा तो वह उसका ''आखिरी दिन'' होगा।

### दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे सात बांग्लादेशी पकड़े गए



नई दिल्ली (ए.)। राष्ट्रीय राजधानी में अवैध रूप से रहने के आरोप में बांग्लादेश के सात नागरिकों को पकड़ लिया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। ये लोग 'डंकी' मार्ग से यूरोप पहुंचने के लिए भारत को पारगमन मार्ग के रूप में इस्तेमाल करने की फिराक में थे। पुलिस ने बताया कि आरोपियों की पहचान सोहाग (40), मोहम्मद शाएद उल्ला कव्वर भुइयां (46), मोहम्मद साजिब हसन (28), लिटन मोलिक (37), मोहम्मद मिज़ानुर रहमान (33), मोहम्मद जकारिया (37) और बिश्वजीत चंद्र बर्मन (42) के रूप में हुई है, जो सभी बांग्लादेश के निवासी हैं। बाहरी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) सचिन शर्मा ने कहा, ''बांग्लादेश में दूतावासों की कमी के कारण यूरोपीय देशों के लिए वीजा हासिल करने में कठिनाइयों का हवाला देते हुए कई बांग्लादेशी नागरिक भारत में प्रवेश करते हैं।''

### गेहूं काटने गई बुजुर्ग महिला की आकाशीय बिजली गिरने से मौत, परिजनों में मचा कोहराम

अमेठी, (आरएनएस)। अमेठी थाना क्षेत्र के इमरती गांव मजरा जंगलराम में बुधवार को एक दर्दनाक हादसे में एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। खेत में गेहूं काटने गई महिला पर अचानक आकाशीय बिजली गिरने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मृतका की पहचान 64 वर्षीय प्रभावती पत्नी जसवंत सिंह के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह सुबह खेत में फसल काटने गई थीं, लेकिन देर शाम तक जब वह घर नहीं लौटीं तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। करीब तीन घंटे की खोजबीन के बाद परिजन खेत पहुंचे, जहां प्रभावती का शव पड़ा मिला। शव को देखकर परिजनों में हड़कंप मच गया और तुरंत अमेठी पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही अमेठी पुलिस और क्षेत्रीय लेखपाल प्रभात सिंह मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रशासन द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। गांव में इस दुखद घटना के बाद मातम पसरा हुआ है।

### चारधाम यात्रा 2025 : उत्तराखंड सरकार ने पूरी की तैयारियां, सतपाल महाराज ने दिए सख्त निर्देश



देहरादून (आरएनएस)। उत्तराखंड सरकार ने चारधाम यात्रा 2025 की तैयारियां पूरी कर ली हैं। कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने बताया कि यात्रा को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए सभी जरूरी इंतजाम किए गए हैं। साथ ही, उन्होंने हेली टिकटों की कालाबाजारी और यात्रा मार्ग पर मनमानी पार्किंग फीस वसूलने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। महाराज ने कहा कि इस बार श्रद्धालुओं के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया को और आसान किया गया है। ऑनलाइन और ऑफलाइन पंजीकरण के अलावा मोबाइल ऐप और आधार नंबर के जरिए भी रजिस्ट्रेशन की सुविधा उपलब्ध होगी। हरिद्वार, ऋषिकेश और हरबर्टपुर में ऑफलाइन पंजीकरण केंद्र बनाए गए हैं। इसके अलावा, देहरादून में उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद के मुख्यालय में 24 घंटे चलने वाला स्टेट लेवल कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जो यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सहायता करेगा।चारधाम यात्रा 30 अप्रैल 2025 से शुरू होगी, जब यमुनोत्री और गंगोत्री धाम के कपाट खुलेंगे। केदारनाथ धाम के कपाट 2 मई, बद्रीनाथ धाम के कपाट 4 मई और हेमकुंड साहिब के कपाट 25 मई को श्रद्धालुओं के लिए खोले जाएंगे। यात्रा की व्यवस्था के लिए स्थानीय प्रशासन, पर्यटन विभाग और अन्य विभाग मिलकर काम कर रहे हैं।यात्रा मार्गों पर सुविधाओं के लिए सरकार ने 12 करोड़ 75 लाख रुपये की राशि आवंटित की है।

# बिहार चुनाव के दौरान तहव्वुर राणा को फांसी पर लटकाएगी सरकार : संजय राउत



मुंबई (आरएनएस)। शिवसेना (यूबीटी) के प्रवक्ता और सांसद संजय राउत ने 26/11 मुंबई आतंकवादी हमले के मुख्य आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा को लेकर गुरुवार को बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि सरकार राणा को आगामी बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान फांसी पर लटका देगी। संजय राउत ने कहा कि राणा को तुरंत फांसी दी जानी चाहिए, लेकिन सरकार उसे बिहार चुनाव के दौरान फांसी पर लटकाएगी। उन्होंने कहा, राणा को भारत लाने के लिए 16 साल लंबी लड़ाई चली और यह कांग्रेस के शासन के दौरान शुरू हुई। इसलिए राणा को वापस लाने का श्रेय किसी को नहीं लेना चाहिए।उन्होंने कहा कि राणा भारत प्रत्यर्पित होने वाला पहला आरोपी नहीं है। अतीत में 1993 के सीरियल ब्लास्ट के आरोपी अबू सलेम को भी भारत प्रत्यर्पित किया गया था। राउत ने यह प्रतिक्रिया पाकिस्तानी मूल के 64 वर्षीय कनाडाई नागरिक और 2008 के मुंबई आतंकवादी हमलों के मुख्य आरोपियों में से एक राणा को दिल्ली लाए जाने के बाद दी।

राणा को भारत की खुफिया और जांच अधिकारियों की संयुक्त टीम की निगरानी में एक विशेष विमान से लाया गया।राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने एक बयान में कहा कि 2008 की तबाही के पीछे कथित मुख्य साजिशकर्ता को न्याय के कठघरे में लाने के लिए वर्षों तक लगातार और ठोस प्रयासों के बाद प्रत्यर्पण हुआ।बयान में कहा गया, यूएसडीओजे, यूएस स्काई मार्शल की सक्रिय सहायता से, एनआईए ने पूरी प्रत्यर्पण प्रक्रिया के दौरान अन्य भारतीय खुफिया एजेंसियों, एनएसजी के साथ मिलकर काम किया, जिसमें भारत के विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय ने मामले को सफलतापूर्वक अंजाम तक पहुंचाने के लिए अमेरिका में अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय किया।राउत ने यह भी मांग की कि कुलभूषण जाधव को वापस लाया जाना चाहिए, जिन्हें 2016 में पकड़ा गया था और कथित जासूसी के लिए पाकिस्तानी सैन्य अदालत ने मौत की सजा सुनाई थी। भारत ने पाकिस्तान के आरोपों को मनगढ़ंत बताते हुए खारिज कर दिया है। इस बीच, भाजपा सांसद अशोक चव्हाण ने कहा कि मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा का प्रत्यर्पण भारत के लिए बड़ी जीत है। उन्होंने कहा कि 26/11 के हमलों की कड़वी यादें अभी भी भारतीयों, खासकर मुंबईवासियों के दिमाग में ताजा हैं।

# राजस्थान को बनाएंगे कृषक-कल्याणकारी राज्य -मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा



जयपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि महान शिक्षाविद् समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले ने अपना पूरा जीवन शोषित, वंचित और पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित किया। उन्होंने नारी शिक्षा, किसानों के अधिकार और सामाजिक न्याय के लिए अलख जगाई। उन्होंने कहा कि ज्योतिबा फुले जी के दिखाए रास्ते पर चलते हुए राज्य सरकार राजस्थान को कृषक-कल्याणकारी राज्य बनाने के लिए कृतसंकल्पित है। शर्मा शुक्रवार को मुहाना मंडी परिसर में ज्योतिबा फुले की 198वीं जयंती पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह केवल एक जयंती समारोह नहीं बल्कि उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। ज्योतिबा फुले जी ने भारतीय समाज को एक नई दिशा दी, अंधेरे में प्रकाश का दीप जलाया और उत्पीड़ित वर्गों को सम्मान व समानता का अधिकार दिलाने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनकी सोच केवल एक समय की नहीं थी, बल्कि वह विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा से ही अज्ञानता के अंधेरे को मिटाया जा सकता है और समाज को सशक्त बनाया जा सकता है। ज्योतिबा ने शिक्षा के क्षेत्र में अलख जगाते हुए अपनी पत्नी सावित्रीबाई फुले जी के साथ मिलकर पुणे में लड़कियों के लिए पहला स्कूल शुरू किया। सावित्रीबाई फुले भारत की पहली महिला शिक्षिका के रूप में इतिहास में दर्ज हुईं।



)केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने मुंबई में सिंगलेरिटी समिट 2025 के दौरान संबोधित किया।

# रेखा गुप्ता की हाई लेवल बैठक, दिल्ली में 4,000 डार्क स्पॉट की हुई पहचान, दिए गए ये आदेश

नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सार्वजनिक सुरक्षा को लेकर अपने मंत्रियों और अधिकारियों के साथ बैठक की। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सार्वजनिक सुरक्षा, आवागमन और आश्रय के बुनियादी ढांचे को प्रभावित करने वाले प्रमुख मुद्दों को संबोधित करने के लिए शहर भर में सुधार का निर्देश दिया है, जिसमें महिलाओं की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक में, सीएम गुप्ता ने 4,000 डार्क स्पॉट - शहर भर में खराब रोशनी वाले क्षेत्रों - पर तत्काल कार्रवाई पर जोर दिया, जिन्हें अब साफ किया जा रहा है और पर्याप्त रोशनी से सुसज्जित किया जा रहा है। इन स्थानों को विशेष रूप से महिलाओं के लिए संवेदनशील क्षेत्र माना जाता है।

अधिकारियों ने 129 मोबाइल डार्क स्पॉट भी चिह्नित किए हैं, ऐसे क्षेत्र जहां मोबाइल नेटवर्क कवरेज कमज़ोर है



या नहीं है। सीएम गुप्ता ने दूरसंचार कंपनियों और संबंधित विभागों को इन क्षेत्रों में बेहतर कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया ताकि आपातकालीन प्रतिक्रिया में तेज़ी लाई जा सके। इसके अलावा, दिल्ली में 233 भीड़भाड़ वाले स्थानों की पहचान की गई है, जो यातायात प्रवाह और सार्वजनिक आवाजाही दोनों में बाधा डाल रहे हैं। इनमें से 123 लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अंतर्गत आते हैं। अब तक 41 भीड़भाड़ वाले स्थानों को साफ किया जा चुका है और सीएम ने निर्देश दिया है कि जून तक ऐसे सभी स्थानों को साफ कर दिया जाए। इससे पहले रेखा गुप्ता ने कहा है कि दिल्ली की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार राजस्व बढ़ाने के लिए अन्य राज्यों की सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाते हुए एक नयी 'पुख्ता' आबकारी नीति लाएगी। गुप्ता ने एक साक्षात्कार में कहा कि नीति पारदर्शी होगी और यह सुनिश्चित करेगी कि इस नीति से समाज में कोई समस्या पैदा न हो। इस साल फरवरी में हुए विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) को हराकर भाजपा दिल्ली की सत्ता में आई थी। पिछली आप सरकार द्वारा लाई गई आबकारी नीति (2021-22) में कथित अनियमितताएं और भ्रष्टाचार भाजपा के प्रमुख चुनावी मुद्दों में से एक था।

# निक्की तंबोली ने इंस्टाग्राम पर शेयर की स्टनिंग तस्वीरें, एक्ट्रेस की हॉटनेस ने बढ़ाया तापमान



बिग बॉस 14 की एक्स कंटेस्टेंट निक्की तंबोली अपनी एक्टिंग से ज्यादा अपने लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर छाई हुई रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा करती हैं तो लोग उनके हर एक लुक पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हुए नहीं थकते हैं।निक्की तंबोली ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर कुछ बेहद स्टनिंग तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें उनकी हॉटनेस ने सोशल मीडिया का तापमान बढ़ा दिया है. एक्ट्रेस ने ओवरसाइज्ड व्हाइट शर्ट पहनी थी, साथ ही लाइट मेकअप और खुले बालों में उनका लुक परफेक्ट था. लॉन्ग बूट्स में पोज देते हुए निक्की ने अपने फैंस को हैरान कर दिया. उनकी ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं, और फैंस ने जमकर प्यार लुटाया है. कई लोग उनके लुक्स की तारीफ करते हुए कमेंट्स कर रहे हैं. निक्की का यह नया पोस्ट उनके फॉलोवर्स के बीच हॉट ट्रेंड बन चुका है, और अब उनकी तस्वीरें हर जगह छाई हुई हैं.एक्ट्रेस निक्की तंबोली आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट इंस्टाग्राम पर शेयर कर फैंस को मदहोश कर देते हैं।बता दें कि एक्ट्रेस निक्की तंबोली का हर एक लुक फैंस के बीच ट्रेंड करता है। और आए दिन वो अपनी अदाओं से इंटरनेट का पारा बढ़ाती रहती हैं।निक्की तंबोली अपने लुक्स से बी-टाउन की बड़ी-बड़ी हसीनाओं को मात देती हैं। अभिनेत्री निक्की तंबोली फैशनिस्ट से कम नहीं हैं। उनका बोल्ड लुक अक्सर इंटरनेट पर लाइमलाइट बटौरता रहता है।

### भूल चूक माफ का ट्रेलर रिलीज, वामिका के साथ शादी की गुत्थी सुलझाते नजर आए राजकुमार राव

स्काई फोर्स और छावा के साथ दिल जीतने के बाद, दिनेश विजान की मैडॉक फिल्म्स एक नई लव स्टोरी भूल चूक माफ के साथ वापस आ गई है. इस दिल को छू लेने वाली रोमांटिक कॉमेडी का ट्रेलर रिलीज किया गया है. भूल चूक माफ में पहली बार राजकुमार राव और वामिका गब्बी एक साथ स्क्रीन स्पेस साझा करते नजर आएंगे.

मैडॉक फिल्म्स ने भूल चूक माफ का ट्रेलर सोशल मीडिया पर साझा किया है और कैप्शन में लिखा है, तितली है रंजन का प्यार, हल्दी पर अटका है उसका संसार,तो देखने जरूर आइएगा इनकी कहानी विद परिवार. एक भसड़ वाली शादी के लिए तैयार हो जाइए जहां सब कुछ गलत हो जाता है.

भूल चूक माफ के ट्रेलर की शुरुआत राजकुमार राव की कॉमिक टाइमिंग की झलक से होती है, जिसमें उनके परिवार और वामिका के बीच बातचीत होती है. दोनों का परिवार पुलिस थाने में होते हैं, जहां तितली का किरदार निभा रहीं वामिका का परिवार, रंजन (राजकुमार राव) को 2 महीने में सरकारी नौकरी का चैलेंज देता है. इस चैलेंज के लिए रंजन मंदिर में मन्नत मांगने जाते हैं, जहां अगल-अगल तरीके से मन्नत मांगते दिखते हैं. सरकारी नौकरी मिलने के बाद उनकी शादी तय हो जाती है. शादी के बीच एक ट्विस्ट आता है. रंजन की शादी टाइम लूम में फंस जाती है. राजकुमार राव हर दिन 29 तारीख को होने वाली अपनी हल्दी की रस्म से परेशान हो जाते हैं।

# फिल्म इंडस्ट्री में कई बेहद प्रतिभाशाली लोगों को नहीं मिलते समान अवसर : ईशा मालवीय

टीवी एक्ट्रेस ईशा मालवीय ने कहा कि फिल्म इंडस्ट्री में अपने करियर की शुरुआत के बाद से उन्हें सबसे ज्यादा हैरानी इस बात से हुई है कि कई बेहद प्रतिभाशाली लोगों को बराबर के अवसर नहीं मिलते।

साल 2021 में रिलीज हुए टेलीविजन शो उड़ारियां से एक्टिंग की शुरुआत करने वालीं ईशा ने कहा, एक चीज जो मुझे हमेशा हैरान करती है और अब भी करती है, वह यह है कि कितने प्रतिभाशाली लोगों को बराबर के अवसर नहीं मिलते। मैं यह नहीं कह रही कि भाई-भतीजावाद पूरी तरह से गलत है, लेकिन मुझे लगता है कि बाहरी लोगों को कम से कम अपनी काबिलियत साबित करने के लिए एक निष्पक्ष मौका तो मिलना चाहिए। अभिनेत्री ने जोर देकर कहा कि इंडस्ट्री को असली प्रतिभा पर ध्यान देना चाहिए।

उन्होंने कहा, उन्हें स्टार किड्स के साथ प्रतिस्पर्धा करने दें और दर्शकों को फैसला करने दें कि कौन वास्तव में चमकने का हकदार है। इंडस्ट्री को किसी की पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना असली प्रतिभा पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए और बॉलीवुड का भविष्य योग्यता से तय होना चाहिए।उड़ारियां में जैस्मिन का किरदार निभाने के बाद ईशा ने साल 2023 में विवादित रियलिटी शो बिग बॉस के 17वें संस्करण में हिस्सा लिया था। वह पांव की जूती जैसे म्यूजिक वीडियो में भी नजर आईं। इसके अलावा, उन्होंने गौहर खान के साथ शो लवली लोला में भी काम किया।

क्या उन्हें अपने से पूरी तरह अलग किरदार निभाना ज्यादा मुश्किल लगता है या ऐसा किरदार जो उनके व्यक्तित्व से मिलता-जुलता हो? इसके जवाब में ईशा ने कहा, यह मुझे एक अलग तरह की खुशी देता है और मेरे आत्मविश्वास को बहुत बढ़ाता है। इससे मुझे गर्व महसूस होता है कि मैं एक बहुमुखी अभिनेत्री हूं, जो किसी भी तरह का किरदार निभा सकती हूं। ईमानदारी से कहूं तो किसी भी किरदार को निभाते समय मुझे कभी कोई हिचकिचाहट नहीं हुई, यह मेरे दिमाग में कभी नहीं आया।

एक्ट्रेस ने अपनी कमजोरी के बारे में बात की और कहा, मेरी कमजोरी निश्चित रूप से ढेर सारी मिठाइयां खाना है। हालांकि, मुझे शायद ऐसा नहीं करना चाहिए, क्योंकि मुझे अपनी फिटनेस का ध्यान रखना पड़ता है, लेकिन कभी-कभार ऐसा करना ठीक है।जब उनसे पूछा गया कि अगर उनकी जिंदगी पर फिल्म बने, तो उसका नाम क्या होगा। इसका जवाब देते हुए उन्होंने कहा, अगर मेरी जिंदगी पर कोई फिल्म बनी, तो उसका नाम जरूर 'ये लड़की पागल है' होगा।



## चिरंजीवी की फिल्म विश्वम्भर का पहला गाना रामा रामा 12 अप्रैल को होगा रिलीज, भक्ति-प्रधान गीत का पोस्टर भी जारी

निर्देशक वशिष्ठ की बहुप्रतीक्षित महान कृति 'विश्वम्भरा' का पहला सिंगल, जिसमें मेगास्टार चिरंजीवी मुख्य भूमिका में हैं, 12 अप्रैल को रिलीज़ होगा, इसके निर्माताओं ने घोषणा की। फिल्म के निर्माताओं ने घोषणा की है कि फिल्म का पहला सिंगल 'रामा रामा' 12 अप्रैल को रिलीज़ किया जाएगा। इस गाने को अकादमी पुरस्कार विजेता एमएम कीरवानी ने तैयार किया है।




निर्माताओं द्वारा पहले सिंगल की रिलीज़ की घोषणा करने के लिए जारी किए गए पोस्टर से पता चलता है कि 'रामा रामा' एक भक्ति गीत होगा।तस्वीर में चिरंजीवी को हनुमान के रूप में तैयार बच्चों से घिरा हुआ दिखाया गया है, पृष्ठभूमि में भगवान राम की एक भव्य मूर्ति है। रामजोगय्या शास्त्री ने इस गाने के बोल लिखे हैं।अपनी ब्लॉकबस्टर डेब्यू बिम्बिसार से अमिट छाप छोड़ने वाले निर्देशक वशिष्ठ ने विश्वम्भर को एक शानदार फिल्म बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। निर्देशक ने पहले ही यह स्पष्ट कर दिया है कि वह इस फिल्म को अब तक की अपनी सबसे महत्वाकांक्षी और प्रतिष्ठित परियोजना मानते हैं।इस फिल्म में कई स्टार कलाकार हैं, जिनमें त्रिशा कृष्णन और आशिका रंगनाथ मुख्य भूमिका में हैं। कुणाल कपूर ने फिल्म में अहम किरदार निभाया है। फिल्म की सिनेमैटोग्राफी छोटा के नायडू ने की है, जबकि एएस प्रकाश प्रोडक्शन डिजाइनर हैं। फिल्म का संपादन कोटागिरी वेंकटेश्वर राव और संतोष कामिरेड्डी ने किया है।

# लंदन के लीसेस्टर स्क्वायर में शामिल होने वाली पहली भारतीय फिल्म बनी डीडीएलजे, जल्द होगा शाहरुख-काजोल की फिल्म के स्टैच्यू का अनावरण


शाहरुख खान और काजोल की 1995 की फिल्म दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे ने नई अचीवमेंट हासिल की है. सिनेमाघरों में रिलीज होने के तीस साल बाद, यह लंदन के लीसेस्टर स्क्वायर में ब्रॉन्ज स्टैच्यू के साथ सम्मानित होने वाली पहली भारतीय फिल्म बन गई है. दिलचस्प बात यह है कि शाहरुख और काजोल की डीडीएलजे के आइकोनिक पोज को एक स्टैच्यू के रूप में अमर कर दिया जाएगा. हार्ट ऑफ लंदन बिजनेस अलायंस ने आधिकारिक तौर पर पुष्टि की है कि राज्य सीन्स इन द स्क्वायर मूवी ट्रेल में शामिल होगा.यशराज फिल्म्स के अनुसार, हार्ट ऑफ लंदन बिजनेस अलायंस ने अनाउंलमेंट किया है कि लीसेस्टर स्क्वायर में सीन्स इन द स्क्वायर मूवी ट्रेल में एक नया स्टैच्यू शामिल होगी, जिसमें 1995 की ब्लॉकबस्टर फिल्म दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे (डीडीएलजे) की लंदन में स्थापित प्रतिमा भी शामिल होगी.

ब्लॉकबस्टर हिंदी फिल्मों में से एक है, यह टाइमलेस और कई अवॉर्ड्स विनिंग रोमांटिक कॉमेडी है, जिसने आदित्य चोपड़ा के निर्देशन की भी



शुरुआत की थी. ब्रॉन्ज स्टैच्यू में बॉलीवुड के दो मेगास्टार शाहरुख खान और काजोल को डीडीएलजे के एक आइकोनिक पोज में दिखाया जाएगा. वाईआरएफ के अनुसार, लेटेस्ट अनाउंसमेंट से पता चलता है कि फिल्म को पांच मिलियन से अधिक ब्रिटिश साउथ एशियन कम्युनिटी द्वारा कितना पसंद किया गया है.डीडीएलजे राज-सिमरन और यूरोप-भारत में उनकी लव स्टोरी पर आधारित है, जो किंग्स क्रॉस स्टेशन से ट्रेन में शुरू होती है. डीडीएलजे में लीसेस्टर स्क्वायर का एक सीन दिखाया गया है, जब राज और सिमरन पहली बार एक-दूसरे से अनजान होकर मिलते हैं, और फिर अपने यादगार यूरोपीय रोमांच पर निकल पड़ते हैं.जिस सीन पर स्टैच्यू स्थापित की जाएगी, उसमें राज (शाहरुख खान) को व्यू सिनेमा के सामने और सिमरन (काजोल) को ओडियन लीसेस्टर स्क्वायर से गुजरते हुए दिखाया गया है. वाईआरएफ के अनुसार, इस सीन को सम्मान देने के लिए नई स्टैच्यू को ओडियन सिनेमा के बाहर स्थापित किया जाएगा. इसके साथ ही, डीडीएलजे के सितारे शाहरुख खान और काजोल पिछले 100 सालों के दस अन्य फिल्म आइकन के साथ, सीन्स इन द स्क्वायर में इंटरनेशनल सिनेमा की मशहूर हस्तियों में शामिल हो गए हैं।

## सलमान खान की सिकंदर ने तोड़ा दम, अब बॉक्स ऑफिस पर इन फिल्मों से होगा सामना



सिनेमाघरों में इन दिनों कई फिल्में लगी हुई हैं। इन्हीं में से एक सलमान खान की सिकंदर भी है। ईद के मौके पर आई इस फिल्म से निर्माताओं के साथ-साथ दर्शकों को काफी उम्मीदें थीं, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर इसकी हालत पस्त है।पहले दिन से यह टिकट खिड़की पर दर्शकों के लिए संघर्ष करती दिख रही है। हर गुजरते दिन के साथ फिल्म की कमाई में गिरावट जारी है।आइए जानें सिकंदर ने 11वें दिन कितने करोड़ रुपये कमाए।बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, सिकंदर ने अपनी रिलीज के 11वें दिन 1.35 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 107.10 करोड़ रुपये हो गया है।सिकंदर के निर्देशन की कमान एआर मुरुगदॉस ने संभाली है, जिन्हें आमिर खान की ब्लॉकबस्टर फिल्म गजनी के लिए जाना जाता है। साजिद नाडियाडवाला फिल्म के निर्माता हैं।रश्मिका मंदाना, प्रतीक बब्बर, काजल अग्रवाल, सत्यराज और शरमन जोशी सहित कई कलाकार सहायक भूमिका में नजर आ रहे हैं।

# बच्चों को फोन से दूर रखने के लिए अपनाएं ये 5 कला गतिविधियां, मिलेंगे कई फायदे

आजकल बच्चों के लिए मोबाइल फोन या टैबलेट से दूर रहना मुश्किल हो गया है। यह न केवल उनकी आंखों के लिए हानिकारक है, बल्कि उनके मानसिक स्वास्थ्य पर भी बुरा असर डाल सकता है।

इस लेख में हम आपको कुछ सरल कला गतिविधियों के बारे में बताएंगे, जो आपके बच्चों को फोन से दूर रखकर उनकी रचनात्मकता बढ़ा सकती हैं और उन्हें खुश रख सकती हैं।



### चित्रकारी करना सीखें

चित्रकारी एक बहुत ही मजेदार और रचनात्मक गतिविधि है, जो बच्चों को फोन से दूर रख सकती है।

आप अपने बच्चे को विभिन्न प्रकार की चित्रकारी सिखा सकते हैं जैसे कि पानी वाले रंग, पेंसिल रंग या अन्य रंग।

इसके लिए आपको बस कुछ रंग, ब्रश और कैनवास की जरूरत होगी। इससे न केवल उनका ध्यान बंटेगा बल्कि उनकी रचनात्मकता भी बढ़ेगी और वे नई चीजें सीखेंगे।

### हस्तकला बनाना

हस्तकला बनाना बच्चों के लिए बहुत ही मजेदार हो सकता है।

इसके लिए आप पुराने अखबार, गत्ते, कपड़े आदि का उपयोग कर सकते हैं और उनसे अलग-अलग प्रकार की चीजें बना सकते हैं जैसे कि टोपी, बैग, खिलौने आदि। इससे न केवल उनका ध्यान बंटेगा बल्कि उनकी कल्पनाशक्ति भी बढ़ेगी और वे नई चीजें बनाने में रुचि दिखाएंगे।

इसके अलावा यह गतिविधि उनके हाथों की कलाकारी को भी निखारती है।

### संगीत बजाना

अगर आपके बच्चे संगीत बजाने में रुचि रखते हैं तो उन्हें गिटार, पियानो या किसी अन्य वाद्य यंत्र सीखने दें।संगीत सुनना और बजाना दोनों ही गतिविधियां बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर अच्छा प्रभाव डालती हैं। इससे उनकी एकाग्रता क्षमता बढ़ती है और वे तनाव मुक्त महसूस करते हैं।इसके अलावा संगीत बजाना बच्चों की भावनाओं को व्यक्त करने का एक अच्छा तरीका भी है, जिससे उनकी रचनात्मकता और कल्पनाशक्ति में वृद्धि होती है।

### बागवानी करना

बागवानी एक ऐसी गतिविधि है, जो बच्चों को प्रकृति के करीब लाती है और उन्हें जिम्मेदारी लेना सिखाती है।आप अपने बच्चे को छोटे-छोटे पौधे लगाने के लिए प्रेरित कर सकते हैं, जिसे वे खुद देखभाल कर सकें। इससे न केवल उनका ध्यान बंटेगा बल्कि उनकी जिम्मेदारी निभाने की भावना भी विकसित होगी।

इसके अलावा बागवानी बच्चों को धैर्य और समर्पण सिखाती है, जो उनके व्यक्तित्व विकास में मददगार होती है।

### डांस करवाएं

डांस एक तरह की कला है, जो सदियों से लोगों के दिलों को लुभा रही है। यह भावनाओं को व्यक्त करने का अच्छा तरीका है, जो आपको आनंदित महसूस कराता है।डांस तनाव दूर करने, कैलोरी जलाने से लेकर आपको वजन घटाने में मदद कर सकता है। साथ ही इससे आप अपने बच्चों को फोन से दूर रख सकते हैं। याद रखें कि हर बच्चा अलग होता है इसलिए उन्हें वही गतिविधि चुनने दें, जिसमें उनकी रुचि हो।

# लोगों के बीच बहुत प्रचलित हैं लहसुन से जुड़े ये भ्रम, जानें इनकी सच्चाइ



लहसुन न केवल खाने का स्वाद बढ़ाता है, बल्कि यह कई औषधीय गुणों से भी भरपूर होता है। हालांकि, लहसुन को लेकर कई भ्रम प्रचलित हैं, जिन्हें जानकर आपको हैरानी हो सकती है।इस लेख में हम लहसुन से जुड़े ऐसे ही भ्रमों की सच्चाई जानेंगे और समझेंगे कि ये कितने सही हैं। इससे आपको लहसुन के असली फायदों और इसके उपयोग के सही तरीकों के बारे में जानकारी मिलेगी, जिससे आप अपने स्वास्थ्य का बेहतर ख्याल रख सकें।

### भ्रम- लहसुन खाने से शरीर से दुर्गंध आती है

यह सबसे आम भ्रम है कि लहसुन खाने से शरीर से दुर्गंध आती है। हालांकि, सच यह है कि अगर आप नियमित रूप से लहसुन का सेवन करते हैं तो आपकी सांसों में दुर्गंध नहीं होती है।

दरअसल, लहसुन में एक खास तत्व होता है, जो बैक्टीरिया को खत्म करता है और मुंह की बदबू को दूर करता है। इसलिए लहसुन खाने से शरीर से दुर्गंध नहीं आती, बल्कि यह आपकी सेहत के लिए फायदेमंद होता है।

### भ्रम- लहसुन का सेवन करना गर्मियों में सही नहीं है

गर्मियों में लहसुन खाने से शरीर में गर्मी बढ़ती है, ऐसा मानना भी एक भ्रम है।

असल में लहसुन में ऐसे तत्व होते हैं, जो शरीर को ठंडक पहुंचाते हैं और त्वचा के लिए भी फायदेमंद होते हैं।

गर्मियों में लहसुन का सेवन करने से आपको कई फायदे मिल सकते हैं जैसे कि पाचन तंत्र बेहतर होता है और रोगों से लड़ने की क्षमता मजबूत होती है। इसलिए गर्मियों में भी लहसुन का सेवन करना सुरक्षित है।

### भ्रम- गर्भवती महिलाओं को लहसुन नहीं खाना चाहिए

गर्भवती महिलाओं को लहसुन न खाने देने का यह भ्रम भी गलत है।

वास्तव में गर्भावस्था में लहसुन खाना सुरक्षित होता है क्योंकि इसमें विटामिन्स और खनिज होते हैं, जो मां और बच्चे दोनों के लिए फायदेमंद होते हैं।

हालांकि, किसी भी चीज की अति नुकसानकारी हो सकती है इसलिए संतुलित मात्रा में लहसुन का सेवन करना चाहिए।इस प्रकार गर्भावस्था में लहसुन खाना सुरक्षित होता है और इसे संतुलित मात्रा में शामिल किया जा सकता है।

### भ्रम- लहसुन खाने से रक्तचाप कम होता है

लहसुन खाने से रक्तचाप कम होने का भ्रम भी फैलाया जाता है, लेकिन यह पूरी तरह सच नहीं है।हालांकि, कुछ अध्ययनों से पता चला है कि लहसुन खाने से रक्तचाप थोड़ी बहुत कम हो सकती है, लेकिन इसे इलाज का विकल्प नहीं माना जा सकता है।

अगर किसी व्यक्ति को पहले से ही उच्च रक्तचाप की समस्या है तो उसे डॉक्टर की सलाह के बिना कोई भी घरेलू उपाय अपनाना नहीं चाहिए।

# सनराइजर्स और पंजाब किंग्स आज होंगे आमने-सामने




हैदराबाद (ए)। सनराइजर्स हैदराबाद की टीम शनिवार को यहां अपने घरेलू मैदान राजीव गांधी स्टेडियम में पंजाब किंग्स का सामना करेगी। इस मैच में सनराइजर्स का लक्ष्य जीत हासिल कर लगातार हार का सिलसिला तोड़ना रहेगा हालांकि ये उसके लिए आसान नहीं है क्योंकि इस बार पंजाब किंग्स की टीम शानदार फार्म में है और लगातार जीत से उसका मनोबल बढ़ा हुआ है।

वहीं सनराइजर्स ने पहले ही मैच में आक्रामक बल्लेबाजी कर सबसे अधिक स्कोर बनाया था पर उसके बाद से ही वह असफल रही है और लगातार हार रही है। सनराइजर्स की टीम पहले मैच के बाद एक बार भी 200 रनों तक नहीं पहुंच पायी है। उसने

। ट्रैविस हेड सहित उसके सभी आक्रामक बल्लेबाज रन बनाने में विफल रहे हैं। इससे उसका नेट रन रेट भी नीचे आया है। सनराइजर्स के पास हेड के अलावा अभिषेक शर्मा, ईशान किशन और हेनरिक क्लासेन जैसे आक्रामक बल्लेबाज हैं पर ये सभी रन बनाने में नाकाम रहे हैं। पिछले साल सनराइजर्स की सफलता में अहम भूमिका निभाने वाले हेड और अभिषेक ने इस बार वर्तमान सत्र में इन दोनों के बीच पहले विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी 15 रन की है। हेड अभी तक पांच पारियों में 67, 47, 22, 04 और 08 रन ही बना पाए हैं। अभिषेक की बल्लेबाजी भी खराब रही है। वह एक बार ही 24 रन तक पहुंच पाये हैं।सनराइजर्स की गेंदबाजी भी कमजोर है। उसके गेंदबाजों ने अभी तक काफी रन दिये हैं. कप्तान पैट कमिंस भी प्रभावी नहीं रहे हैं। मोहम्मद शमी और हर्शल पटेल ने भी काफी रन दिये हैं। उसके स्पिनरों को भी संघर्ष करना पड़ा है।दूसरी ओर पंजाब किंग्स की टीम ने नए कप्तान श्रेयस अय्यर के नेतृत्व में अभी तक जबरदस्त प्रदर्शन किया है। श्रेयस के अलावा युवा सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य ने भी धमाकेदार बल्लेबाजी की है।

## कप्तानी के दौरान अलग ही अंदाज में नजर आते हैं धोनी : गांगुली

कोलकाता (ए)। नियमित कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ की कोहली में हुए फ्रेक्चर के बाद जहां एक बार फिर महेन्द्र सिंह धोनी को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की कप्तानी मिली है। वहीं भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली का भी मानना है कि धोनी का कप्तानी के दौरान अलग ही अंदाज देखने को मिलता है। इसलिए उन्हें अगर सीएसके की ओर से आगे भी खेलना है तो कप्तानी ही करनी चाहिये। गांगुली ने कहा कि 43 साल की उम्र में भी धोनी आसानी से बड़े शॉट खेल लेते हैं और ये उनकी खूबी है। वहीं सीएसके के लिए ये सत्र अच्छा नहीं रहा है और उसे पांच में से चार मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। वहीं धोनी भी अब तक खेले मैचों में निचले क्रम पर उतरे हैं जिसपर कई सवाल भी उठे हैं।वहीं गांगुली ने एक कार्यक्रम में कहा,''मेरा यह मानना है कि अगर धोनी को सीएसके के लिये खेलना है तो उसे कप्तान ही बने रहना चाहिये कई कप्तानी करते हुए वह अधिक बेहतर प्रदर्शन करते हैं।''गांगुली ने कहा, ''धोनी अभी भी छक्के लगा रहा है। हमने पिछले मैच में देखा। वह 43 साल का हो गया है, ऐसे में स्वाभाविक है कि वह वैसे नहीं खेल सकता जैसे 2005 में खेलता था। इससे मुझे लगता है कि उसके भीतर अभी भी छक्के लगाने की ताकत है।''

## कोहली ने प्यूमा के साथ अपना करार तोड़ा, एगिलिटास स्पोर्ट्सवियर में बनेंगे निदेशक



नई दिल्ली (ए)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने स्पोर्ट्स ब्रांड प्यूमा के साथ अपना करार तोड़ दिया है। विराट ने साल 2017 में प्यूमा के साथ करीब 110 करोड़ रुपये के एक करार पर हस्ताक्षर किए थे। प्यूमा ने विराट को इस करार को अगले आठ साल के लिए 300 करोड़ रुपये में आगे बढ़ाने का प्रस्ताव दिया था पर विराट ने इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया। कंपनी उन्हें हर साल 37 करो ? से ज्यादा, महीने के तीन करोड और हर दिन के 10 लाख रुपये देने को तैयार थी पर विराट तैयार नहीं हुए। वह अब एगिलिटास स्पोर्ट्सवियर कंपनी में निवेशक की भूमिका संभालेंगे। इस कंपनी की स्थापना 2023 में प्यूमा इंडिया के साउथईस्ट एशिया के पूर्व मैनेजिंग डायरेक्टर अभिषेक गांगुली ने की थी। विराट सबसे अधिक कमाई करने वालों में शामिल हैं और उनकी नेट वर्थ 1050 करोड रुपये के करीब है।प्यूमा इंडिया ने कोहली के साथ साझेदारी खत्म होने की पुष्टि करते हुए कहा, प्यूमा विराट को उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं देता है। हमारे बीच कई वर्षों की यादगार साझेदारी रही, जिसमें बेहतरीन कैंपेन और प्रोडक्ट कोलैबोरेशन शामिल रहे। कंपनी आने वाले समय में नए एथलीट्स पर निवेश करती रहेगी और भारत में खेलों के ढ़ांचे को और मजबूत बनाने की दिशा में काम जारी रखेगी। अब कोहली का ध्यान अपने लाइफस्टाइल और एथलीजर ब्रांड वन 8 को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ाने का है। एगिलिटास के साथ करार के जरिए कोहली का लक्ष्य है कि वे वन8 को एक वैश्विक ब्रांड के रूप में स्थापित करें।

## पाटीदार से नाराज नजर आये विराट, वीडियो से मिले संकेत

**बेंगलुरु (ए)। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को यहां अपने घरेलू मैदान पर दिल्ली कैपिटल्स खिलाफ हार का सामना करना पड़ा है। इस मैच का एक विडियो सामने आया है जिससे टीम के प्रशंसक संशय में आ गये हैं। इसमें पूर्व कप्तान विराट कोहली और कोच दिनेश कार्तिक गंभीर बात करते दिख रहे हैं। इसमें विराट की कही बातों से संकेत मिलते हैं कि वह टीम के नये कप्तान रजत पाटीदार से खुश नहीं हैं। इस मैच में आरसीबी ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 163 रनों के लक्ष्य का बचाव करते हुए अच्छी शुरुआत की थी। कैपिटल्स के तीन विकेट केवल 30 रनों पर ही गिर गये थे लेकिन उसके बाद केएल राहुल ने जबरदस्त बल्लेबाजी करते हुए 93 रन बनाकर अपनी टीम को लक्ष्य तक पहुंचा दिया। इसके बाद कोहली को कोच कार्तिक के साथ बातचीत करते हुए देखा गया। इस वीडियो से ही अंदाजा लगाया जाने लगा कि कोहली कप्तान रजत पाटीदार से नाराज हैं।**

## 1001 चौके-छक्के, IPL के इतिहास में कोहली ने बना दिया विराट रिकॉर्ड

बेंगलुरु (ए)। रन मशीन के नाम से दुनियाभर में मशहूर विराट कोहली इन दिनों इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में आरसीबी के लिए अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से विरोधी दल के गेंदबाजों को दिन में तारे दिखा रहे हैं। गुरुवार को बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स



के खिलाफ भले ही आरसीबी को हार का सामना करना पड़ा। लेकिन, विराट ने अपने नाम एक और रिकॉर्ड दर्ज करा लिया है।विराट कोहली टूर्नामेंट के इतिहास में 1000 चौके-छक्के लगाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के इस दिग्गज खिलाड़ी ने अब तक सभी 18 आईपीएल सीजन खेले हैं, उन्होंने आईपीएल 2025 के 24वें मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। कोहली का यह रिकॉर्ड आरसीबी की पारी के चौथे ओवर में आया जब उन्होंने डीसी कप्तान अक्षर पटेल की गेंद पर लॉन्ग ऑन पर गगनचुंबी छक्का लगाया और इस तरह उन्होंने 1000 चौके-छक्के का आंकड़ा छू लिया जिसमें 721 चौके और 280 छक्के शामिल हैं।

वह आईपीएल इतिहास में सबसे ज्यादा चौके लगाने के मामले में शीर्ष पर बने हुए हैं और छक्के लगाने के मामले में क्रिस गेल (357) और रोहित शर्मा (282) से पीछे हैं।

## बेटे से नहीं मिल पाने से दुखी हैं धवन

मुम्बई (ए)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व खिलाड़ी शिखर धवन ने कहा है कि वह अपने बेटे से पिछले दो साल से नहीं मिल पाने से दुखी हैं। धवन का कहना है कि पत्नी आयशा से तलाक के बाद उनके लिए अपने बेटे से बात करना भी संभव नहीं हो रहा है। ये उनके लिए एक कठिन समय है। इसका कारण है कि उनका नंबर तक ब्लॉक कर दिया गया है। भावुक हुए धवन ने कहा, मैं चाहता हूं कि वो खुश और स्वस्थ रहे। मैं उसे अब भी हर तीन या चार दिन में मैसेज करता हूं । मुझे उम्मीद नहीं है कि वो उन मैसेज को पढ़ेगा। अगर वो मैसेज ना भी पढ़े तो भी कोई परेशानी नहीं है। उससे संपर्क करने की कोशिश करना मेरा काम है और मैं ये करता रहूंगा। साथ ही कहा कि उनके बेटे की उम्र अब 11 वर्ष हो गई है। अपने बेटे से जुड़ाव महसूस करने के लिए वो आध्यात्मिकता का सहारा लेते है।

# एकमात्र कप्तान जिसने 200 के स्ट्राइक रेट से की है अब तक बल्लेबाजी, औसत 80 से भी ऊपर

नई दिल्ली (आरएनएस)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में पंजाब किंग्स के कप्तान और विस्फोटक बल्लेबाज श्रेयस अय्यर इस सीजन में अब तक एकमात्र ऐसे कप्तान हैं जिन्होंने अभी तक 200 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं और उनका औसत भी 80 से ऊपर है।

श्रेयस अय्यर ने चार मैच खेले हैं और 168 रन बनाए हैं। 97 रन उनका सर्वाधिक स्कोर रहा है। अब तक अय्यर के बल्ले से 10 चौके 14 छक्के निकले हैं। पंजाब किंग्स के लिए अय्यर ने दो पारियों में दो हाफ सेंचुरी भी लगाई है। हालांकि, बीते दो मैच में उनका बल्ला नहीं चला है, बावजूद उनकी स्ट्राइक रेट अन्य कप्तानों की तुलना में सबसे ज्यादा है।वहीं, मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने 168.75 की स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की है। पांड्या ने चार मैच की तीन पारियों में 81 रन बनाए। पांड्या के बल्ले से 6 चौके और 5 छक्के निकले हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के कप्तान रजत पाटीदार ने इस सीजन में अब तक 161.74 की स्ट्राइक रेट के साथ रन बनाए हैं। पाटीदार ने 5 मैच की 5 पारियों में 186 रन बनाए। 17 चौके और 9 छक्के जड़ चुके



हैं। रजत के बल्ले से दो हाफ सेंचुरी भी आई है और उन्हें दो बार प्लेयर ऑफ द मैच अवार्ड भी दिया गया है।कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे भी शामिल हैं। उन्होंने 160.00 की स्ट्राइक रेट से पांच मैच की पांच पारियों में 184 रन बनाए हैं। रहाणे के बल्ले से 17 चौके और 12 छक्के निकले हैं।राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने 150.85 की स्ट्राइक रेट के साथ 5 मैच की 5 पारियों में 178 रन बनाए हैं। सैमसन के बल्ले से 20 चौके और 7 छक्के निकले। हालांकि, संजू शुरुआती मैचों में कप्तानी के लिए उपलब्ध नहीं थे। उनकी जगह रियान पराग ने कप्तानी की थी। लेकिन, संजू एक बार फिर से टीम की कमान अपने हाथों में ले चुके हैं। फैंस को उम्मीद है कि आने वाले मैचों में उनकी बल्लेबाजी का दमखम देखने के लिए मिलेगा।चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने 150.61 की स्ट्राइक रेट से 5 मैच की 5 पारियों में 122 रन बनाए। 14 चौके और 4 छक्के जड़े। गायकवाड़ ने दो पारियों में सीएसके के लिए हाफ सेंचुरी भी लगाई। गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने 146.53 की स्ट्राइक रेट से 5 मैच की पांच पारियों में 148 रन बनाए। गिल के बल्ले से 16 चौके और 5 छक्के निकले। दिल्ली कैपिटल्स के बॉलिंग ऑलराउंडर कप्तान अक्षर पटेल ने 4 मैच की 3 पारियों में 161.11 की स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की। अक्षर ने 56 रन बनाए हैं।

## विदेश समाचार

# न्यूयॉर्क की हडसन नदी में हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, सीमेंस कंपनी के CEO समेत 6 लोगों की मौत

न्यूयॉर्क (ए )। अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में गुरुवार को हडसन नदी में एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें तीन बच्चों समेत छह लोगों की जान चली गई। न्यूयॉर्क शहर के मेयर ने सीएनएन को यह दुखद जानकारी दी। मृतकों में हेलीकॉप्टर का पायलट और स्पेन का एक पूरा परिवार शामिल है।

### सीमेंस स्पेन के सीईओ की मौत

सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, यह हादसा दोपहर के समय हुआ। बेल 206L-4 लॉन्गरेंजर IV हेलीकॉप्टर ने मैनहट्टन से उड़ान भरी थी। उड़ान भरने के बाद हेलीकॉप्टर ने स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी का चक्कर लगाया और फिर हडसन नदी के साथ उत्तर दिशा में जॉर्ज वाशिंगटन ब्रिज की ओर बढ़ गया।अधिकारियों ने अभी तक दुर्घटना में मारे गए लोगों के नामों की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। हालांकि, न्यूयॉर्क पोस्ट की एक रिपोर्ट के अनुसार, विमान में स्पेन में स्थित सीमेंस कंपनी के अध्यक्ष और सीईओ अगस्टिन एस्कोबार, उनकी पत्नी और उनके तीन बच्चे सवार थे।

### न्यू जर्सी के पास नदी में गिरा हेलीकॉप्टर

रिपोर्ट के मुताबिक, जॉर्ज वाशिंगटन ब्रिज की ओर जाने के बाद हेलीकॉप्टर दक्षिण दिशा में मुड़ा और न्यू



जर्सी के पास हडसन नदी में दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

### पुलिस ने जारी की एडवाइजरी

इस हादसे के बाद, न्यूयॉर्क सिटी पुलिस विभाग (NYPD) ने एक एडवाइजरी जारी की है। इसमें कहा गया है कि दुर्घटना स्थल के आसपास आपातकालीन वाहनों की संख्या बढ़ेगी, जिससे यातायात में देरी हो सकती है।

### जांच जारी, मौसम था खराब

सीएनएन के अनुसार, दुर्घटना के समय मौसम खराब था। आसमान में बादल छाए हुए थे, हवा की रफ्तार 10 से 15 मील प्रति घंटा थी, और हवा के तेज झोंके 25 मील प्रति घंटे तक पहुंच रहे थे। हालांकि, दृश्यता ठीक थी, लेकिन क्षेत्र में हल्की बारिश की भी संभावना जताई गई थी। संघीय उड्डयन प्रशासन (FAA) ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा है कि वह राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड (NTSB) के साथ मिलकर काम कर रहा है। दुर्घटना के कारणों की जांच का नेतृत्व NTSB करेगा।

## पाक मीडिया का दावा, चीन देगा छठी पीढ़ी का लड़ाकू विमान

### विशेषज्ञों का कहना- 2030 तक छठी पीढ़ी का विमान बनाना असंभव

इस्लामाबाद,(ए)। पाकिस्तान वायु सेना के प्रमुख चीफ मार्शल जहीर अहमद बाबर ने हाल ही में चीनी रक्षा मंत्री से मुलाकात की है, जहां उन्हें आश्वासन दिया गया है कि पाकिस्तान 2030 तक चीन के छठी पीढ़ी के लड़ाकू जेट विमानों को हासिल कर लेगा। आधिकारिक तौर पर बाबर की यात्रा का मकसद 40 जे-35ए पांचवीं पीढ़ी के स्टील्थ लड़ाकू विमानों के लिए सौदे को अंतिम रूप देना था। पाकिस्तानी मीडिया में दावे किए गये हैं कि चीन अपनी डिफेंस इंडस्ट्री का तेजी से विकास कर रहा है और एयरोस्पेस डेवलपमेंट भी कमाल का है, लेकिन सवाल ये हैं क्या पाकिस्तान चीन के साथ कदमताल कर सकेगा।

पाकिस्तान में दावे किए जा रहे हैं कि चीन जैसे ही छठी पीढ़ी के लड़ाकू विमानों का निर्माण करेगा, पाकिस्तान को भी एडवांस जेट मिल जाएगा। पाकिस्तानी यूट्यूबर्स के दावे और पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक चीनी रक्षा मंत्री ने बाबर को बताया है कि चीन, पाकिस्तानी वायुसेना को अपने अगली पीढ़ी के लड़ाकू जेट से लैस करने का इच्छुक है। बता दें कि चीन का छठी पीढ़ी का लड़ाकू विमान कैसा होगा और उसमें क्या खासियतें होंगी, फिलहाल उसके बारे में कोई जानकारी नहीं है, लेकिन चीन ने कुछ हफ्ते पहले छठी पीढ़ी के लड़ाकू विमानों को बनाने का दावा किया था।

## सुखोई एसयू-35 की दुनिया के रक्षा बाजार में बढ़ी मांग, अल्जीरिया ने भी की खरीद

मॉस्को (ए)। रूसी लड़ाकू विमान सुखोई एसयू-35, जो एक अत्याधुनिक मल्टीरोल फाइटर जेट है, वहां दुनिया के वैश्विक रक्षा बाजार में तेजी से अपनी जगह बना रहा है। हाल ही में लड़ाकू विमान की डिलीवरी अल्जीरिया को की गई है, जो रूस के साथ अपने सैन्य संबंधों को बेहतर बना रहा है। इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर स्ट्रेटेजिक स्टडीज (आईआईएसएस) ने पुष्टि की है कि




अल्जीरिया में रूसी सुखोई एसयू-35 को अपने एयरफोर्स में शामिल किया है। 10 मार्च को अल्जीरिया के एल बुआघी एयर बेस एक एसयू-35 की तैनाती की पुष्टि की गई। एसयू-35 एक 4.5-पीढ़ी का फाइटर जेट है, जो अत्याधुनिक एवियोनिक्स, थ्रस्ट-वेक्टरिंग इंजन और लंबी दूरी की रडार प्रणाली से लैस है। यह विमान हवा से हवा और हवा से जमीन दोनों प्रकार के मिशनों को अंजाम दे सकता है। लिहाजा कई देशों के एयरफोर्स बेड़े के लिए ये फाइटर जेट काफी शानदार साबित होता है।

रिपोर्ट के मुताबिक अल्जीरिया ने हाल ही में एसयू-35 फाइटर जेट्स की पहली खेप हासिल की है। यह विमान पहले मिस्र के लिए बने थे, लेकिन पश्चिमी देशों के दबाव की वजह से मिस्र ने अंत में फाइटर जेट खरीदने से इंकार कर दिया था। जिसके बाद अब ये विमान अल्जीरिया की वायु सेना में शामिल हो गए हैं, जिससे देश की हवाई शक्ति में वृद्धि हुई है।

# म्यांमार में अभी भी कांप रही धरती, दहशत में जीने को मजबूर लोग



यांगून,(ए)। म्यांमार में पिछले दिनों आए विनाशकारी भूकंप के बाद से गुरुवार तक 2.8 से लेकर 7.5 तीव्रता के 112 झटके महसूस आ चुके हैं। म्यांमार के मौसम विज्ञान और जल विज्ञान विभाग ने जानकारी देकर बताया कि देश के मांडले क्षेत्र में 28 मार्च को 7.7 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया था, जिसके कुछ ही मिनट बाद 6.4 तीव्रता का दूसरा झटका आया, जिससे जानमाल का भारी नुकसान हुआ।भूकंप ने मांडले जैसे कई शहरों को तबाह कर दिया। यूएन, अमेरिका, भारत, पाकिस्तान, रुस, चीन यूरोपीय संघ, कई अन्य देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने म्यांमार में भूकंप पीड़ितों के लिए मदद और बचाव दल भेजे हैं।रिपोर्ट में म्यांमार की सूचना टीम ने बताया कि बुधवार तक भूकंप में मरने वालों की संख्या 3,649 तक पहुंच गई थी। भूकंप के कारण 5,018 लोग घायल हुए और 145 लापता हैं। इस भीषण भूकंप से 6,730 मोबाइल संचार स्टेशन भी क्षतिग्रस्त हुए हैं। इसमें कहा गया कि 6 अप्रैल तक 5,999 स्टेशनों को बहाल कर दिया गया, जबकि 731 स्टेशनों की मरम्मत की जा रही है।भूकंप के कारण म्यांमार के 15 डाकघरों ने अस्थायी रूप से कामकाज बंद कर दिया था, लेकिन 31 मार्च को सेवाएं फिर शुरू कर दी गई हैं। इस बीच म्यांमार की सरकारी संस्था ने बताया कि 2025 का म्यांमार नववर्ष 'अता थिंगयान महोत्सव' संगीत या नृत्य के बिना शांतिपूर्वक मनाया जाएगा। एक रिपोर्ट के हवाले से बताया गया है कि यूनेस्को की मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की प्रतिनिधि सूची में शामिल किए जाने के बाद से इस साल थिंगयान का पहला उत्सव मनाया जा रहा है।

# चीन का ट्रंप को जवाब, अमेरिकी सामानों पर 125 प्रतिशत टैरिफ लगाया



बीजिंग (ए)। टैरिफ के मुद्दे पर चीन और अमेरिका आमने-सामने है। एक तरफ अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीनी आयात पर टैरिफ 145 प्रतिशत बढ़ा कर चीन के साथ ट्रेड वॉर शुरू किया है वहीं चीन ने अमेरिकी सामानों पर 125 फीसदी टैरिफ लगाने का एलान कर दिया है। अमेरिकी टैरिफ से निपटने के लिए चीन सरकार विभिन्न उपायों में जुट गई है। अमेरिकी उत्पाद पर 125 प्रतिशत टैरिफ लगाने के अलावा सरकार ने वादा किया है कि वह अपने लोगों को अधिक खर्च करने के लिए प्रेरित करके निर्यात को हुए नुकसान की भरपाई करेगी। चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि अमेरिकी शुल्क बढ़ोतरी के बाद चीन ने विश्व व्यापार संगठन में मुकदमा भी दायर किया है। नवीनतम अमेरिकी अधिसूचना के अनुसार, चीन पर कुल 145 प्रतिशत शुल्क लगा है। चीन ने पहले 84 प्रतिशत शुल्क लगाकर जवाबी कार्रवाई की थी और कुछ अमेरिकी कंपनियों के आयात पर प्रतिबंध लगाए दिया था, साथ ही इस मुद्दे को सुलझाने के लिए अमेरिका के साथ बातचीत करने में रुचि भी व्यक्त की थी. चीन एकमात्र ऐसा देश है जिसने अमेरिका के शुल्क के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की है।

## चंद्रमा के दूरदराज के हिस्से की मिट्टी में पृथ्वी वाले हिस्से की तुलना में शुष्कता के संकेत

बीजिंग,(ए)। चीनी वैज्ञानिकों ने बताया कि चंद्रमा के सुदूर भाग से प्राप्त मिट्टी और चट्टानों से संकेत मिलते हैं कि वह हिस्सा पृथ्वी की ओर वाले हिस्से की तुलना में अधिक शुष्क होगा। वैज्ञानिकों ने हालांकि कहा कि स्पष्ट तस्वीर के लिए और अधिक नमूनों की आवश्यकता है। शोधकर्ताओं ने कहा कि चंद्र आवरण में पानी की प्रचुरता यह समझाने में मदद कर सकती है कि चंद्रमा कैसे विकसित हुआ।

बीते साल चीन चंद्रमा के सुदूर हिस्से पर उतरने वाला पहला देश बन गया था। अंतरिक्ष यान 'चांग ई 6' ने दक्षिण ध्रुव-'ऐटकेन बेसिन' से ज्वालामुखीय चट्टान और मिट्टी को निकाला था। 'चीनी विज्ञान अकादमी' ने बताया कि उन्होंने और उनकी टीम ने पांच ग्राम मिट्टी के नमूने लिए और फिर विस्तृत विश्लेषण के लिए इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोप की मदद से 578 कणों का चयन किया। उन्होंने बताया कि चंद्रमा के निकटवर्ती भाग से पिछले दशकों में एकत्र किए गए नमूनों की तुलना में इसमें पानी की प्रचुरता 1.5 माइक्रोग्राम प्रति ग्राम से भी कम है। निकटवर्ती भाग से लिए गए नमूनों में यह मात्रा एक माइक्रोग्राम से लेकर 200 माइक्रोग्राम प्रति ग्राम के बीच है।

# जल गंगा संवर्धन अभियान का जिले में हो रहा बेहतर क्रियान्वयन

## जन अभियान परिषद के सदस्यों ने सार्वजनिक कुओं के गहरीकरण में किया श्रमदान



सीहोर(निप्र)। राज्य शासन के निर्देशानुसार प्रदेश के साथ ही सीहोर जिले मे 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले भर में जल संरक्षण से संबंधित अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। अभियान के तहत आमजन को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए दीवार लेखन, जागरूकता रैली, पोस्टर बैनर, ग्राम सभाएं, कलश यात्राएं सहित अनेकों गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। अभियान के तहत जिले के ग्राम नांगली, हालिया खेडी, कुडी, भिलाई, छापरी कलां, शाहपुरकोडिया, मूंडला कला, बिजोरा, जानपुर बावडिया अनेक ग्रामों में कूप मरम्मत, तालाब जीर्णोद्धार, डैम की साफ-सफाई सहित अनेक कार्य किए जा रहे हैं तथा नागरिकों को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई जा रही है।

उल्लेखनीय है कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले में जल संरक्षण एवं संवर्धन से संबंधित खेत, तालाब, अमृत सरोवर, परकोलेशन टैंक, डगवेल, तालाब जीर्णोद्धार, जनभागीदारी के कार्य, कूप एवं बाउंड्री मरम्मत के कार्य किए जा रहे हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान का प्रमुख उद्देश्य जनभागीदारी से जल संरक्षण तथा संवर्धन सुनिश्चित करना है। इस अभियान के अन्तर्गत समाज की भागीदारी तथा और विभिन्न सहयोगी विभागो की समेकित पहल से मुख्यत जल संरक्षण संरचनाओं के निर्माण, भूजल संवर्धन, पूर्व से मौजूद जल संग्रहण संरचनाओं की साफ सफाई एवं जीर्णोद्धार करना है। इसके साथ ही जल स्त्रोत में प्रदूषण कम करना, साफ सफाई करना, पौधरोपण के कार्य किए जा रहे हैं। इसके साथ ही जल संरक्षण एवं जागरूकता के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

**सार्वजनिक कुओं के गहरीकरण में किया श्रमदान**

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सीहोर जन अभियान परिषद द्वारा ग्राम बमुलिया, दोराहा, जानपुर बावडिया, छापरी कला में सार्वजनिक कुओं के गहरीकरण एवं साफ-सफाई के लिए श्रमदान किया गया। इसके साथ ही आमजनों को जल के महत्व के प्रति जागरूक करते हुए जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई।



# सार्वजनिक प्याऊ का शुभारंभ

सीहोर(निप्र)। लगातार 18 वर्षों से निरन्तर गर्मी के दिनो में स्थानीय लुनिया चौराहे पर वर्मा पेट्रोल पंप के सामने स्व.श्री बाबूलालजी वर्मा एवं श्रीमती शांती देवी वर्मा की पुण्य स्मृति में सार्वजनिक प्याऊ का शुभारंभ उनके पुत्र सूर्यप्रकाश वर्मा, राकेश वर्मा, मनोज वर्मा पुत्रवधु अनुराधा वर्मा, संगीता वर्मा, पूजा वर्मा पुत्री गायत्री वर्मा, हर्षा वर्मा तथा पोते यश, राज, स्पर्श द्वारा किया गया तथा इस अवसर पर समाज सेवी विष्णु कौशल, मुकेश पाल, रघुवीरसिंह, अशोक चौधरी, राजवीर, ओमप्रकाश बारेला, सानू बेल्डर, विनोद ठेकेदार, राजकुमार, गोपाल शर्मा, हफीज अब्दुल्ला, दीपक शाक्य आदि सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था सुचारू बनाये रखने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग द्वारा कार्ययोजना तैयार

### ग्रामों नवीन हैण्डपम्प, सिंगलफेस मोटर पम्प, नलकूपों की सफाई, जल व्यवस्था सुनिश्चित

सीहोर (निप्र)। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में निरन्तर एवं सतत् पेयजल की व्यवस्था को सुचारू बनाये रखने के उद्देश्य से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग द्वारा ग्रीष्मकाल के लिए एक कार्ययोजना तैयार की गई है। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में सतत पेयजल व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिये गये थे। जिसके अन्तर्गत संभावित पेयजल संकट ग्रामों में और 214 बसाहटो को चिन्हित किया गया है। कार्ययोजना के तहत ग्रामों में पूर्व से स्थापित हैण्डपम्पों में राइजर पाइप बढाकर जल प्रदाय व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। जिन ग्रामों में पेयजल संकट को दृष्टित रखते हुये बोरिंग खनन कर नवीन हैण्डपम्प स्थापना किया जा रहा है। और जहां पानी का लेवल निचे चलागया है वहां राइजर पाइप बढाकर पेयजल व्यवस्था सुचारू की जा रही है। संभावित पेयजल संकट ग्रामों में और 214 बसाहटो को चिन्हित कर हैण्डपम्पों सिंगलफेस मोटर पम्प स्थापित कर हाइड्रोफेक्चरिंग का कार्य कर नलकूपों की जल आवक क्षमता में वृद्धि एवं भरे-पटे नलकूपों की सफाई का कार्य कराकर जल प्रदाय व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग के कार्यपालन अधिकारी प्रदीप सक्सेना ने बताया कि ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुये गत माह ही सीहोर जिले में विकासखण्ड इछावर के ग्राम लावाखाडी, विकासखण्ड सीहोर के ग्राम रायपुरा नयाखेडा, बिलकिसगंज, भंडेली एवं विकासखण्ड आष्टा के ग्राम मालीखेडा एवं झरखेडी में तथा अन्य स्थानों पर नवीन नलकूप खनन कराकर जल प्रदाय प्रारम्भ किया गया है।

## *चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल की होगी नियुक्ति*

*सीहोर(निप्र)। सीहोर स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के एडीआर सेंटर में लीगल एड डिफेंस काउंसिल योजना-2022 के अंतर्गत आपराधिक मामलों में विधिक सहायता प्रकरणों में अभियुक्तगण की पैरवी के लिए लीगल एड डिफेंस काउंसिल कार्य कर रहे हैं। वर्तमान में एक पद रिक्त होने से जिला मुख्यालय सीहोर के लिए एक चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल के पद पर संविदा आधार पर नियुक्ति की जा रही है, जिसमें निर्धारित मानदेय दिया जाएगा। इसके तहत चयन के लिए इच्छुक अर्ह अधिवक्तागण 25 अप्रैल शाम 05 बजे तक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय के समक्ष डाक अथवा स्वयं उपस्थित होकर आवश्यक दस्तावेज सहित विहित प्रारूप में अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। इसके साथ ही अधिक जानकारी के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।*

## ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के तहत जिले में लगाए जा रहे टीकाकरण शिविर

### शिविरों का सीएमएचओ ने किया निरीक्षण

सीहोर(निप्र)। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिलेभर में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं एवं अनेक स्थानों पर प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसके तहत शिविर लगाकर टीकाकरण के साथ ही बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाती है। सीएमएचओ डॉ सुधीर कुमार डेहरिया ने इछावर जनपद के ग्राम निपानिया में लगाए गए शिविरों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिविरों के संचालन के बारे में जानकारी ली तथा शिविर में उपस्थित आशा एवं एएनएम कार्यकर्ताओं को अनमोल पोर्टल 2.0 पर जानकारी अपलोड करने तथा पोर्टल के संचालन के बारे में जानकारी दी।

## भारत मुक्ति मोर्चा का जेल भरो आन्दोलन सम्पन्न अपनी मांगों को लेकर महामहीम राष्ट्रपति के नाम कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंच सौंपा ज्ञापन



सीहोर(निप्र)। जिले में भारत मुक्ति मोर्चा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष एडवोकेट जगदीश द्रविड़ के नेतृत्व में बहुजन क्रांति मोर्चा, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा ,राष्ट्रीय परिवर्तन मोर्चा ,बीएमपी आदि संगठनों ने मिलकर जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया एवं प्रदर्शन कर अपनी गिरफ्तारियां देने के लिये तत्पर रहे। तत्पश्चात कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर डिप्टी कलेक्टर तनमय वर्मा को महामहीम राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा। जिसमें मांग की गई कि ईवीएम मशीन इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के स्थान पर वैलेट पेपर से वोट डलवाने की व्यवस्था को लेकर था । क्योंकि वोट का अधिकार राजा बनाने एवं राजा बनने का भी अधिकार है जिस मशीन द्वारा समाप्त किया जा रहा है। दूसरे देश में हर नागरिक कानून की नजर में समान है तो उसे उसका सामान हिस्सा भी मिलना चाहिए अर्थात शासन प्रशासन में सामान हिस्सेदारी दी जाए। इसके लिए सबसे जरूरी है जाति आधारित जनगणना करवाना तो जाति आधारित जनगणना करवाई जाए।

# पूरे वैशाख में एक माह तक किया जाएगा दिव्य अनुष्ठान और महायज्ञ

### मंत्रोच्चारण के साथ ध्वज और भूमि पूजन संपन्न हुआ



सीहोर(निप्र)। शिव प्रदोष सेवा समिति के तत्वाधान में एक माह तक आयोजित होने वाले शिव शक्ति दिव्य अनुष्ठान वैशाख महापर्व का शुभारंभ के लिए ध्वजारोहण का आयोजन एक दर्जन से अधिक कन्याओं का पूजन कर किया गया। शनिवार को शहर के सीवन तट स्थित हनुमान मंदिर गोपाल धाम पर भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर महा आरती के पश्चात सात बजे से भंडारे का शुभारंभ किया जाएगा।

शहर के सीवन नदी के तट पर स्थित हनुमान मंदिर पर भगवान शिव परिवार की पूजा अर्चना की गई और इसके पश्चात महायज्ञ की तैयारियों के तहत ध्वज पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। यज्ञाचार्य पंडित पवन व्यास, कुणाल व्यास, विधि-विधान से गणेश पूजन किया। इसके बाद मंत्रोच्चारण के साथ ध्वज और भूमि पूजन संपन्न हुआ। इस मौके पर यजमान अमित सोनी, गोपाल बाबा, जिला संस्कार मंच के संयोजक मनोज दीक्षित मामा आदि को पंडित कार्तिक ने वेद मंत्रों के साथ यहां पर उपस्थित श्रद्धालुओं के साथ ध्वजारोहण किया गया।इस संबंध में जानकारी देते हुए पंडित श्री व्यास ने बताया कि लगातार एक माह तक आयोजित होने वाले इस दिव्य अनुष्ठान में सिद्धपुर की धरा पर सीवन नदी के तट पर नूतन हिन्दु नव वर्ष के प्रथम चैत्र मास की चैत्र सुदी पूर्णिमा से वैशाख सुदी पूर्णिमा तक विशेष शिव शक्ति दिव्य अनुष्ठान शास्त्र अनुसार पितृ हेतु वैशाख माह में जल का दान, घडे का तथा भगवान शिव पर 1 मास कुंभ द्वारा महाअभिषेक एवं महा पारायण शुभ होता है।

## आज दिन में श्री सिद्ध हनुमान मंदिर में 3 क्विंटल फलहारी खीर का वितरण, रात्रि को भंडारे का आयोजन



सीहोर(निप्र)। हर साल की तरह इस साल भी शहर के बस स्टैंड स्थित श्री सिद्ध हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इसको लेकर शुक्रवार की सुबह अखंड रामायण का शुभारंभ किया है। शनिवार की सुबह इसका समापन किया जाएगा और सुबह मंदिर से करीब 3 क्विंटल से अधिक फलहारी खीर की प्रसादी का वितरण किया जाएगा और रात्रि को भंडारे का आयोजन किया जाएगा।इस संबंध में जानकारी देते हुए मंदिर समिति के संरक्षक पंडित दुर्गाप्रसाद कटारे, समिति अध्यक्ष रुद्र प्रकाश राठौर और पुजारी पंडित अनिल शर्मा ने बताया कि शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव को लेकर पूरे मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया है यहां पर संपूर्ण रात्रि को अखंड रामायण का आयोजन किया जा रहा है। वहीं सुबह खीर की प्रसादी का वितरण और रात्रि को भंडारे का आयोजन किया जाएगा।उन्होंने बताया कि मंदिर का निर्माण कार्य चल रहा है। मंदिर परिसर काफी भव्य है यह मंदिर और धर्मशाला की तरह रहेगा, यहां पर आने वाले सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं के ठहरने और निशुल्क भोजन प्रसादी का इंतजाम किया जाएगा।

# सीहोर शहर में गेल घर-घर कर रहा गैस का कनेक्शन



सीहोर (निप्र)। शहर के अनेक कालोनियों में गेल गैस प्रोजेक्ट तहत पाइल लाइन द्वारा आपके किचिन तक पर्यावरण अनुकूल ईंधन पहुंचाया जा रहा है। इसके अंतर्गत गैल इंडिया के अधिकारियों के द्वारा ड्रीम सिटी मे पाइप लाइन के माध्यम से गैस कनेक्शन की प्रक्रिया का शुभारंभ किया, सबसे पहले यह कनेक्शन ईश्वर जोशी के निज निवास पर हुआ, इस मौके पर गेल इंडिया टीम द्वारा कनेक्शन प्रारंभ कर परिवार का अभिनंदन किया गया, इस मौके पर गेल के अधिकारियों का कहना है कि हम एक-दो साल के अंदर संपूर्ण क्षेत्र में पाइपलाइन डालने का काम पूर्ण कर घर-घर गैस का कनेक्शन प्रदान कराने की प्रक्रिया करेंगे। गेल गैस प्रोजेक्ट तहत पाइल लाइन द्वारा आपके किचिन तक पर्यावरण अनुकूल ईंधन पहुंचाया जाएगा।


**कार्यालय प्रमुख अभियंता**
**जल संसाधन विभाग, भोपाल**
ईमेल-ce.tender.wrdmp@gmail.com
फोन-0755-2767635 फेक्स-0755-2552406

निविदा सूचना क्रमांक -1143/2025-26/प्रमुख अभियंता/ई-टेंडरिंग/ भोपाल, दिनांक 07.04.2025

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र दिनांक 29.04.2025 को 17:30 बजे तक क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

| स0 क्र0 | निविदा क्र. | कार्य | जिला | लागत (लाख) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_WRD_414440 | पौषी तालाब योजना के अंतर्गत नहर का लाईनिंग स्ट्रक्चर सहित शेष निर्माण कार्य। | पन्ना | 101.20 |
| 2. | 2025_WRD_414442 | पवई मध्यम सिंचाई परियोजना अंतर्गत बांध के डाउन स्ट्रीम पर क्षति एवं कटाव से बचाव हेतु प्रोटेक्शन वर्क, क्षतिग्रस्त दायी मुख्य,बायी मुख्य एवं फीडर नहर पर आवश्यक स्ट्रक्चर्स सहित रिस्टोरेशन का कार्य। | पन्ना | 132.53 |
| 3. | 2025_WRD_414444 | कोलार बांध बीरपुर की डाउन स्ट्रीम में सड़क, रेलिंग एवं सब स्टेशन की छत मरम्मत का कार्य। | सीहोर | 41.47 |
| 4. | 2025_WRD_414446 | भानपुरा ओपन केनाल प्रोजेक्ट युनिट 2 मन्दसौर के नवीन केनाल स्केप गेट एवं सपोर्ट संरचना का फेब्रिकेशन। | मंदसौर | 24.01 |
| 5. | 2025_WRD_414448 | कैथ मध्यम सिंचाई परियोजना के अंतर्गत उच्च स्तरीय पुल, नारायणपुर परिवर्तित मार्ग एवं आने वाली पुलियों का निर्माण तथा ग्राम हनोता खुर्द के पुर्नवासन वं पुनर्व्यवस्थापन का कार्य। | सागर | 915.39 |

जी/11354/25 मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें


# चर्च मैदान पर प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन, रोमांचक मैच में सीहोर बाइज ने सीहोर चिल्ड्रन को 2-1 से हराया



सीहोर(निप्र)। शहर के चर्च मैदान पर 85 दिवसीय निशुल्क फुटबाल ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन एक रोमांचक मैच में सीहोर बाइज ने सीहोर चिल्ड्रन का हराया। इस मैच के अलावा यहां पर वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. फैजल अंसारी ने बच्चों को डाइट और फिजिकल फिट रहने की बात कही। उन्होंने कहाकि खिलाडियों को अपने आहार-विहार में नियंत्रण करने से खेल की प्रति जागरूकता आती है। शरीर से फिट खिलाडी ही अपनी टीम को विजय श्री दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इसलिए अपनी खुराक को दुरुस्त करें, बाजार के तले-गले नाश्ते के स्थान पर चने-गले हुए मंगू आदि का सेवन करें। इस दौरान जिला फुटबाल एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया आदि शामिल थे। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि शुक्रवार की शाम को उन खिलाडियों का मैच खेला गया जो यहां पर लंबे समय से अभ्यास कर रहे है, इसमें 25 खिलाडियों को दो टीम में शामिल किया गया था। जिसमें सीहोर बाइज और सीहोर चिल्ड्रन के मध्य मैच खेला गया। इस रोमांचक मैच में सीहोर बाइज की टीम ने 2-1 से विजय श्री हासिल की। इस मैच में सीहोर बाइज की ओर से इब्राहिम अंसारी-युवराज प्रजापति ने 1-1 गोल किया। वहीं सीहोर चिल्ड्रन की ओर से एक मात्र गोल रुद्रवीर ठाकुर ने किया।

## भाजपा जिले में 10 दिनों तक मनाएगी बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती

सीहोर। भारतीय जनता पार्टी केंद्र एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देशन में भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाडा के नेतृत्व में संविधान निर्माता बाबा भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती संपूर्ण जिले में धूमधाम से मनाएगी। विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के लिए जिला संयोजक जितेंद्र गोंड जिला मंत्री सहसंयोजक रवि नागले जिला महामंत्री सहसंयोजक विष्णु वर्मा वरिष्ठ नेता सहसंयोजक राजेंद्र केशव को दायित्व प्रदान किया गया है। भाजपा जिला महामंत्री रवि नागले ने बताया कि बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती पूरे विश्व में धूमधाम से मनाई जाती है। भाजपा का एक एक कार्यकर्ता इस उत्सव में बढ़-चढ़कर भाग लेगा प्रदेश नेतृत्व ने कार्यक्रम जारी किया गया है जिसके अंतर्गत 13 अप्रैल को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमाओं की सफाई की जाए की शाम को दीपोत्सव मनाया जाएगा। इसी प्रकार 14 अप्रैल को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया जाएगा और मिष्ठान का वितरण किया जाएगा।संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ किया जाएगा। आंगनबाड़ी केंद्रों और अनुसूचित जाति बस्तियों के स्कूलों में पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी एवं परिसर की सफाई, सामुदायिक सुविधाओं का रखरखाव किया जाएगा।


**कार्यालय, कार्यपालन यंत्री**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड सीहोर(म.प्र.)**
Mail I.D. :- eephseh@nic.in Fax-No. :- 07562-224092 Telephon No. :-07562-224092 NEW BUS STAND SEHORE 466001(M.P.)

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 01/नि.प्र./खण्ड सीहोर/लोस्वायाँवि/2025-26 सीहोर, दिनांक 04.04.2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत ठेकेदारों से मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रण सूचना जारी होने के दिनांक तक समस्त संशोधनों सहित ई-टेण्डरिंग पद्वति द्वारा ऑनलाईन निविदाओं में निहित शर्तों के अनुरूप आमंत्रित की जाती है, जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं कार्यो का विवरण वेबसाईट पर देखी जा सकती है। वेबसाइट पर होने वाली तकनीकी समस्याओं हेतु विभाग जिम्मेदार नही होगा।

| निविदा क्रमांक | कार्य | अनुमानित लागत (रू. में) | धरोहर राशि (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य-(रू.में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 2025_PHED_414642_1 | सीहोर जिले के विकासखण्ड आष्टा के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित सूखे एवं कम जल आवक क्षमता वाले 70 नग हैण्डपम्पों में हाइड्रोफेक्चरिंग का कार्य। | 1543430.00 | 30869.00 | 2000.00 | 04 माह |
| 2025_PHED_414632_1 | सीहोर जिले के विकासखण्ड सीहोर के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित सूखे एवं कम जल आवक क्षमता वाले 70 नग हैण्डपम्पों में हाइड्रोफेक्चरिंग का कार्य। | 1543430.00 | 30869.00 | 2000.00 | 04 माह |

| क्र. | कार्यक्रम का विवरण | निर्धारित निविदा कार्यक्रम (की-डेट्स) एवं समय |
|---|---|---|
| 01 | ऑन लाइन बिड सबमिशन की अन्तिम दिनांक | 17.04.2025, 05.30 PM |
| 02 | बिड ओपनिंग दिनांक | 21.04.2025, 05.30 AM |

जी/11379/25

कार्यपालन यंत्री,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
खण्ड सीहोर (म.प्र.)

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें, अपनी व दूसरों की जान बचायें


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा 09 वैशाली नगर ग्राम शेरपुर शंकर मंदिर के पास सीहोर म.प्र. से प्रकाशित।
ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना। स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com